दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, बुधवार, 25 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 333 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सही बात है। झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए। डान डोनाल्ड ट्रंप को भी आखिरकार अपनी औकात का पता चल ही गया। ईरान ने उसकी दादागिरी के खिलाफ ऐसा कहर बरपाया कि सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था ही अव्यवस्थित होने लगी और पूरा विश्व डोनाल्ड ट्रंप को गरियाने लगा। नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप को झक मारकर पांच दिनों के लिए एकतरफा संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी। अब ईरान यह कह कर उसके जले पर नमक छिड़क रहा है कि अमेरिका हार गया। अपनी इस घोर बेइज्जती से बौखला कर पगलेट ट्रंप अब पता नहीं क्या करेगा? उपर वाला उसे सद्बुद्धि दे।

मानवता की मिसाल: दवा के साथ करुणा भी बांट रहा मुंगेली का कोठारी परिवार

■ दवा की दुकान में बसती गौ-सेवा की भावना

सुशील शुक्ला/मुंगेली

नवप्रदेश विशेष

छत्तीसगढ़ के मुंगेली नगर में एक अनोखी मिसाल देखने को मिल रही है, जहां एक मेडिकल स्टोर सिर्फ इंसानों के इलाज का दवा नहीं देता, बल्कि बेजुबान गौमाता की सेवा का केंद्र बन गया है। वर्षों से चली आ रही इस निःस्वार्थ सेवा ने गोवंश और इस परिवार के बीच एक अटूट रिश्ता बना दिया है। घुमंतू गौमाता बिना संकोच दवा दुकान में पहुंच जाती है और गौ ग्रास करके वापस जाती है।

दरअसल के दौर में सेवा का ऐसा नजारा बहुत कम ही देखने को मिलता है। आज गौ-सेवा के नाम पर सरकारी अनुदान की होड़ मची रहती है, लेकिन कोठारी परिवार ने बिना किसी बाहरी सहायता के अपनी दवा दुकान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुकान खुलते ही पहुंच जाती है गाय

परिवार के दो सदस्य यानी श्री कोठारी के पुत्र दर्शन और अभिनव भी इस काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वे गायों को कंघी करते हैं और उनका ख्याल रखते हैं। सबसे खास बात यह है कि गाय पर कोई रस्सी या बंधन नहीं है। वह पूरी तरह स्वतंत्र और घुमंतू है, फिर भी सुबह दुकान खुलते ही खुद-ब-खुद वहां पहुंच जाती है।

कोठारी दंपती की निस्वार्थ गौ-सेवा की जिले में चर्चा

आज जब शहरों में आवारा पशुओं की समस्या बढ़ रही है, मुंगेली का यह उदाहरण प्रेरणा देता है कि अगर हर व्यक्ति जीव-मात्र के प्रति थोड़ी संवेदनशीलता दिखाए, तो समाज में सद्भाव और करुणा का वातावरण बन सकता है। कोठारी दंपती की यह निस्वार्थ गौ-सेवा पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक सच्ची मिसाल कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती, जब भाव निःस्वार्थ हो।

प्रेम और आत्मीयता का गहरा रिश्ता

कोठारी परिवार ने गाय का नाम राधा और उसके बछड़ों के नाम वृंदा और किशोरी रखा है। नाम सुनते ही गाय उनके पास आ जाती है। यह महज भोजन का लालच नहीं, बल्कि प्रेम और आत्मीयता का गहरा रिश्ता है। यह सेवा कई वर्षों से निर्बाध चल रही है, जिसमें कोई शोर-शराबा या प्रचार नहीं। परिवार ने दुकान को दवाइयों के साथ-साथ प्रेम और दुआ का केंद्र बना दिया है।

लाल आतंक का अंत: एके-47 के साथ पहुंचा, साथियों संग डाले हथियार, डेडलाइन में सिर्फ 7 दिन बचे

बस्तर के अंतिम बड़े नक्सली पापाराव का सरेंडर, छत्तीसगढ़ हुआ नक्सलमुक्त

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर को नक्सल मुक्त घोषित करने की डेडलाइन से करीब एक हफ्ते पहले बस्तर के अंतिम बड़े कैडर के नक्सली पापाराव ने सरेंडर कर दिया है। पापाराव अपने साथियों के साथ एके-47 समेत अन्य हथियार लेकर बीजापुर जिले के कुटरू थाने पहुंचा।

यहां से बस सभी को लेकर जगदलपुर के लिए रवाना हुई। पापाराव उर्फ मंगू (56) ये छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का रहने वाला है। वर्तमान में डीकेएसजेडसीएम मेंबर है। साथ ही पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी का इंचार्ज और दक्षिण सब जोनल ब्यूरो का सदस्य है। अपने पास एक-47 राइफल रखता है। बस्तर के जल-जंगल जमीन से वाकिफ है इसलिए कई बार पुलिस की गोलियों से बचकर भाग निकला था। नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन 31 मार्च से 7 दिन पहले पुलिस और फोर्स को बड़ी सफलता मिली है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का दावा- पापाराव के आत्मसमर्पण के बाद छत्तीसगढ़ में खत्म हुआ नक्सलवाद

बस्तर से माओवाद का सफाया तय

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कवर्धा में कहा कि 'कुल 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें नक्सली पापा राव भी शामिल हैं। इनमें 10 पुरुष और 8 महिलाएं हैं। 8 एके-47, 1 एसएलआर, 1 इंसास सहित अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। पापाराव के सरेंडर से नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी लगभग खत्म है। देवा के सरेंडर करने के बाद अब पापाराव ही एक मात्र ऐसा नक्सली बचा था, जो फाइटर है। बाकी बचे हुए अन्य टॉप कैडर्स के नक्सली उम्र दराज हो चुके हैं। पापाराव के सरेंडर करते ही बस्तर से माओवाद का सफाया तय माना जा रहा है।

कई बड़े हमलों में शामिल रहा पापा राव

करीब 25 लाख रुपये के इनामी पापा राव वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक बस्तर में नक्सली गतिविधियों की कमान लंबे समय तक उसी के हाथ में रही है। उसका नाम कई बड़े हमलों में सामने आ चुका है, जिनमें कुटरू-बेदरे रोड पर हुआ आईईडी ब्लास्ट भी शामिल है, जिसमें 8 जवान शहीद हुए थे। इस हमले का मास्टरमाइंड भी पापा राव को माना गया।

पीएलजीए का प्रमुख चेहरा पापाराव

पापा राव पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) का एक प्रमुख चेहरा रहा है और संगठन के ऑपरेशनल से लेकर रणनीतिक फैसलों में उसकी सीधी भागीदारी रही। उसकी पत्नी उर्मिला भी पीएलजीए बटालियन की सदस्य थी, जो एक मुठभेड़ में मारी जा चुकी है।

छत्तीसगढ़ में खत्म हुआ नक्सलवाद

नक्सली पापाराव के आत्मसमर्पण के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म हुआ। अब छत्तीसगढ़ में एक भी नक्सली नहीं बचा है।

- विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री

ईरान-इजराइल जंग जारी रही तो गंभीर दुष्परिणाम होंगे: मोदी

■ आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करने होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसा हुआ है। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है।

एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रंप ने 5 दिन रोके हमले, ईरान अड़ा- उड़ानें ठप

दिल्ली (ए.)। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध चौथे हफ्ते में भी थमता नहीं दिख रहा। हालांकि सोमवार को ट्रंप के 5 दिन के हमले रोकने के फैसले से तनाव कम होने के संकेत मिले हैं, लेकिन ईरान ने बातचीत से इनकार कर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट, ऊर्जा सप्लाई और हवाई यात्रा पर असर के चलते हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। मुजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसिन रजेई ने कहा कि यह युद्ध जल्दी खत्म हो सकता था।

ईरान जंग के बीच ट्रम्प ने मोदी को फोन किया

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन। ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन कर बातचीत की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर जोर दिया गया। पीएम मोदी ने ङ्क पर पोस्ट कर कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

2029 लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा 33% महिला आरक्षण

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं। इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी।

पर्दे के पीछे से संस्थाओं पर बीजेपी का कंट्रोल: ममता बनर्जी

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सरकारी संस्थाओं को पर्दे के पीछे से भारतीय जनता पार्टी कंट्रोल करती है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के लेटर पर लगी बीजेपी की मुहर ने यह बात पूरी तरह से साबित कर दी है। बनर्जी ने उत्तरी बंगाल के बागडोगरा जाने से पहले एयरपोर्ट पर ये बात कही। वहीं, उत्तरी 24 परगना जिले में एक घर से पुलिस ने बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए हैं।

रेप के आरोपी बाबा के 100 आपत्तिजनक वीडियो मिले, जांच जारी

नासिक/ मुंबई। नासिक के स्वयंभू बाबा और रेप के आरोपी अशोक भोंदू खरात के खिलाफ जांच तेज हो गई है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को जांच के दौरान करीब 1,500 करोड़ रुपए की संपत्ति और 100 आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। पुलिस ने खरात को मंगलवार को नासिक सेशन कोर्ट में पेश किया जहां से उसे फिर पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। कोर्ट में संक्षिप्त सुनवाई में पुलिस ने खरात पर 5 मानव बलि देने का संदेह जताया है।

कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया और फाइनल सलेक्शन लिस्ट रद्द करने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने पूरी भर्ती प्रक्रिया और फाइनल सलेक्शन लिस्ट को रद्द करने से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती रद्द करने और सीबीआई जांच की मांग की थी।

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 129 संदिग्ध अभ्यर्थियों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा है कि, इनके दोषी पाए जाने पर ही चयन रद्द होगा, पूरी भर्ती पर असर नहीं पड़ेगा। जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच से यह फैसला आया है। बिलासपुर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्य सरकार तय कर सकती है सेवा शर्तें: हाईकोर्ट

बिलासपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नगरीय निकायों में प्रमोशन से जुड़े अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए सीएमओ (चीफ म्यूनिसिपल ऑफिसर) के पद पर पदोन्नति के नियमों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि राज्य सरकार को सेवा शर्तें तय करने, प्रमोशन के अवसर बनाने और पदों का समानीकरण करने का अधिकार है। इसमें न्यायालय सीमित हस्तक्षेप ही कर सकता है। दरअसल मामले में याचिकाकर्ता सीएमओ वर्ग-सी अधिकारियों ने 2017 के नियमों के उस प्रावधान को चुनौती दी थी, जिसमें राजस्व निरीक्षकों को भी सीएमओ वर्ग-बी पद के लिए प्रमोशन के लिए पात्र माना गया है। साथ ही 2 फरवरी 2018 के आदेश के जरिए एक साल की सेवा में दी गई छूट को भी असंवैधानिक बताया गया था। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा कि प्रमोशन किसी कर्मचारी का मौलिक अधिकार नहीं है, बल्कि केवल विचार किए जाने का अधिकार है। राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के लिए प्रमोशन के रास्ते तय कर सकती है और अलग-अलग पदों को समान मानने का निर्णय भी उसका अधिकार क्षेत्र है, जब तक कि यह स्पष्ट रूप से मनमाना या असंवैधानिक न हो।

'महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार'

सुप्रीम कोर्ट का आदेश जिनकी सर्विस खत्म हुई, उन्हें भी मिलेगी पेंशन

नई दिल्ली/ए.। आर्मी, नेवी और एयर फोर्स की महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अफसर, जिन्हें परमानेंट कमीशन नहीं मिला अब उन्हें पूरी पेंशन मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला मंगलवार को सुनाया। कोर्ट ने कहा कि महिला अफसरों को स्थायी कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जवल भुईयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- अब यह माना जाएगा कि इन महिला अफसरों ने पेंशन के लिए जरूरी 20 साल की सर्विस पूरी कर ली है, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हिंदू, सिख या बौद्ध के अलावा दूसरा धर्म अपनाया तो छिन जाएगा एससी का दर्जा: सुको

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा नहीं मिल सकता। कोर्ट ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा स्वतः समाप्त हो जाता है और ऐसे व्यक्ति को एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून का संरक्षण भी नहीं मिलेगा. कोर्ट ने स्पष्ट करते हुए कहा कि ईसाई बने व्यक्ति को एससी/एसटी एक्ट का लाभ नहीं मिलेगा। दरअसल, आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक पादरी चिंथाडा आनंद ने एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उन्हें जाति के

नाम पर गाली दी, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, जबकि आरोपी पक्ष ने कहना था कि आनंद ईसाई धर्म अपनाकर पादरी बन गए हैं, इसलिए उन्हें एससी का दर्जा नहीं मिल सकता। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने इस दलील को सही माना और एफआईआर रद्द कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि ईसाई धर्म अपनाने और सक्रिय रूप से उसका पालन करने वाले व्यक्ति को एससी का दर्जा बरकरार नहीं रहता।

स्वतः खत्म हो जाएगा एससी का दर्जा

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि आनंद पिछले एक दशक से रविवार की प्रार्थनाएं आयोजित कर रहे थे और घटना के समय भी वे ईसाई धर्म का पालन कर रहे थे, जिससे उनका एससी दर्जा स्वतः ही खत्म हो गया। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पूरी तरह से सही ठहराते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता ये नहीं कह रहा है कि उसने ईसाई धर्म से अपने मूल धर्म में पुनः धर्मांतरण किया है या उसे मादिगा समुदाय में पुनः स्वीकार कर लिया गया है। इससे ये सिद्ध होता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता रहा है।

गरमा-गरम

अफसरों की कमी: आईएएस के 29 और आईपीएस के 19 महत्वपूर्ण पद रिक्त

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कई अफसर, कमी से जूझ रहा प्रदेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वर्तमान में अधिकारियों की भारी कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण आईएएस के 29 और आईपीएस के 19 महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं। राज्य के 21 वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, जिससे मंत्रालय से लेकर जिलों तक कामकाज का अतिरिक्त बोझ बढ़ा है।

अफसरों की कमी के कारण कई वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में देर होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी केंद्र सरकार में नीति निर्माण, आंतरिक सुरक्षा और निवेश जैसे अहम क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें अमित अग्रवाल, निधि छिब्बर, डॉ. प्रियंका शुक्ला और एस हरीश जैसे नाम शामिल हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद एक दर्जन से अधिक अफ्सर प्रतिनियुक्ति में गए हैं। हाल ही में 2016 बैच के आईएएस रवि मित्तल को पीएमओ में उप सचिव के रूप में नियुक्त किया जाना शामिल है। अफसरों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति आमतौर पर 5 वर्ष की होती है, जिसे विशेष परिस्थितियों में 7 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। ज्वाइंट सेक्रेटरी या एडिशनल सेक्रेटरी जैसे उच्च पदों पर अनुभव प्राप्त करने के लिए अधिकारी केंद्र में जाते हैं।

वर्तमान स्थिति

छत्तीसगढ़ में आईएएसस के कुल 202 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 173 अफ्सर ही तैनात हैं। इनमें 128 अधिकारी सीधी भर्ती तथा 47 अधिकारी पदोन्नत होकर नियुक्त हैं। कार्यरत अधिकारियों में 21 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तथा 1 अधिकारी संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। इसी तरह, आईपीएस के 153 पदों के मुकाबले केवल 134 अधिकारी ही कार्यरत हैं।

पांच राज्यों में 30 अफसर बने चुनाव पर्यवेक्षक

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी के विधानसभा चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ से 30 और अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने 25 आईएएस और 5 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को इस जिम्मेदारी के लिए नियुक्त किया है। जो एक माह अन्य राज्यों में चुनाव तक व्यस्त रहेंगे।

कोलंबिया में मिलिट्री प्लेन क्रैश, 80 सैनिकों की मौत

बोगोटा (ए.)। कोलंबिया में एक मिलिट्री प्लेन के क्रैश होने से 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। यह प्लेन कुल 125 लोगों को ले जाने की क्षमता रखता था। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार प्लेन में 80 सैनिक सवार थे। हादसे में सभी के मारे जाने की आशंका है। मिलिट्री ने सोमवार को कहा कि देश के दक्षिणी हिस्से में एक ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रैश में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है।

मिलिट्री से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट में दो प्लाटून (80 लोग) के होने की आशंका है, जो इक्वाडोर के साथ दक्षिणी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इक्वाडोर के पास घटना

कोलंबिया के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि सोमवार को एक बड़ा ट्रांसपोर्ट प्लेन टेकऑफ करते समय क्रैश हो गया, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। मिनिस्टर पेड्रो सांचेज ने दुख जताते हुए कहा कि एयर फोर्स का हरक्यूलिस प्लेन इक्वाडोर के साथ दक्षिणी बॉर्डर के पास प्यूर्टो लेगुइजामो से टेकऑफ करते समय क्रैश हो गया।

न्यूज गैलरी

शहीद दिवस पर युवा कांग्रेस ने भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरु को किया नमन

धमतरी/ नवप्रदेश। युवा कांग्रेस ने सोमवार को शहर के जय स्तम्भ चौक मे शहीद दिवस मनाया। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं कैण्डल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान युका नेताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। युवा कांग्रेस जिला महासचिव *गीतराम सिन्हा* ने कहा कि अंग्रेजों से लड़ते हुए इन महान युवाओं की शहादत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह बलिदान हमें अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी,गुड्डा दिवान,कन्हैया सोनी, विशु देवांगन,प्रवीण साहू,ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज साहू ,आशुतोष खरे,देवेंद्र देवांगन,सूरज पासवान,नवीन गजेंद्र,यशवंत गुरु, कृष्णा छांटा..... सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय आज आएंगे बलौदाबाजार

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 25 मार्च 2026 को पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार खेल मैदान में प्रस्तावित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम हेतु वाहन पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन दशहरा मैदान एवं नगर भवन में पार्क होगी। इसीतरह पलारी अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन ऑडिटोरियम एवं पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर में, भाटापारा एवं सिमगा अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन एसपी बंगला आस -पास व मारुती रेस्टोरेंट, बलौदाबाजार व लवन तहसील अंतर्गत वाहन तहसील कार्यालय बलौदाबाजार,जनपद कार्यालय एवं साहु समाज सामुदायिक भवन के पास पार्क करेंगे।

शासकीय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। पंजीयन विभाग द्वारा राजस्व संग्रह को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।मार्च माह के अंत में आने वाले शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पंजीयन कार्य 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च महावीर जयंती को भी जिले के पंजीयन कार्यालय खुले रखने के आदेश दिये हैं।इन दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खोलकर दस्तावेजों का पंजीयन कार्य किया जाएगा. साथ ही 31 मार्च तक बैंकिंग लेनदेन सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि राजस्व प्रक्रिया प्रभावित न हो. इस संबंध में जिला पंजीयक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

आजीविका और पर्यटन विकास के अध्ययन के लिए समितियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न ग्रामों के पारिस्थितिकी विकास समिति और संयुक्त वन प्रबंधन सदस्यों का आजीविका और नैसर्गिक पर्यटन विकास संबधी शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। 19 मार्च से 21 मार्च 2026 तक आयोजित इस दौरे में वनांचल क्षेत्र के कृषकों, गाइड्स और समिति सदस्यों ने छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों के प्रमुख वन्यजीव क्षेत्रों का अध्ययन किया। कांगेर घाटी टाइगर रिजर्व में प्रतिभागियों ने यहाँ जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों का बारीकी से अवलोकन किया। इसके साथ ही, कांगेर घाटी टाइगर रिजर्व में नैसर्गिक पर्यटन प्रबंधन और समुदाय आधारित पर्यटन मॉडल को समझा गया। डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य (ओडिशा) में प्रतिभागियों के दल ने वन्यजीव संरक्षण, संवर्धन और ईको-टूरिज्म के सफल मॉडलों का अध्ययन किया। सदस्यों ने सीखा कि कैसे पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व (मध्य प्रदेश) में भ्रमण में ग्रामीणों ने विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व के पर्यटन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण की कार्यप्रणाली को देखा। यहाँ उन्होंने संरक्षण और पर्यटन के बीच बेहतर संतुलन बनाने के गुर सीखे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों और गाइडों को अन्य सफल क्षेत्रों के 'बेस्ट प्रैक्टिसेस' से अवगत कराना था। इससे प्राप्त अनुभवों का उपयोग अब बारनवापारा और बलौदाबाजार के अन्य वन क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, उन्नत कृषि और बेहतर पर्यटन सेवाओं को विकसित करने के लिए किया जाएगा।

समन्वयकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जारी किाय नोटिस

छुईखदान/ नवप्रदेश।। छुईखदान विकासखंड में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में जैसे सवालों के साथ हाल ही में समाचार पत्रों में समन्वयकों की लापरवाही और स्कूलों में उनकी अनुपस्थिति को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है.जानकारी के अनुसार, विकासखंड के कई स्कूलों में समन्वयक नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आरोप यह भी है कि एक समन्वयक वर्षों से बीईओ कार्यालय में ही बैठकर कार्य कर रहा है और स्कूलों में जाकर निरीक्षण नहीं कर रहा, जबकि नियमानुसार उसे फील्ड में सक्रिय रहना चाहिए।इसी तरह जिले के उदयपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां व्याख्याता और सहायक ग्रेड-2 के पद भरे होने के बावजूद संबंधित शिक्षक नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों में इसको लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है और वे लगातार व्यवस्था सुधार की मांग कर रहे हैं।लगातार सामने आ रही इन लापरवाहियों से पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो इसका सीधा असर छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा। ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके।

भोरमदेव अभयारण्य: मैकल की वादियों में बसा वन्यजीवों का अद्भुत संसार

■ जल्द शुरू होगी जंगल सफारी

कवर्धा / नवप्रदेश। मैकल पर्वत श्रृंखला की हरियाली से आच्छादित भोरमदेव अभयारण्य प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता का अनूठा संगम है। लगभग 352 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह अभयारण्य न केवल प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है, बल्कि प्रागैतिहासिक विशेषताओं को भी अपने भीतर समेटे हुए है।

यह अभयारण्य कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव कॉरिडोर के रूप में कार्य करता है। चिल्फी घाटी के साथ जुड़ा यह क्षेत्र लंबे समय से वन्यप्राणियों की आवाजाही का प्रमुख मार्ग रहा है, जिसके कारण यहां पाई जाने वाली प्रजातियों में समानता भी देखने को मिलती है।

वर्ष 2001 में अधिसूचित इस अभयारण्य का नामकरण क्षेत्र के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के नाम पर किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ का 'खजुराहो' भी कहा जाता है।

भोरमदेव अभयारण्य में बाघ, तेंदुआ, हिरण, भालू, वन भैंसा सहित अनेक वन्यजीवों का प्राकृतिक स्थल है। इसके अलावा यहां दुर्लभ पक्षियों की कई प्रजातियां भी देखने को मिलती हैं, जो इसे प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों के लिए खास बनाती हैं। वर्तमान में यहां जंगल सफारी को लेकर कार्य प्रारंभ किया गया है, जो जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

इसके शुरू होते ही पर्यटक सुरक्षित तरीके से जंगल के भीतर जाकर वन्यजीवों के करीब से दीदार कर सकेंगे, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है।भोरमदेव अभयारण्य न केवल छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक धरोहर है, बल्कि यह आने वाले समय में प्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

बैंक को बंद करवाया, तीन घंटे तक किया प्रदर्शन, पुलिस ने की बातचीत

आईडीबीआई बैंक के फ्राड प्रभावितों ने दफ्तर में की तालाबंदी, थाने में नारेबाजी

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। आईडीबीआई बैंक के फ्राड प्रभावित लोगों द्वारा बैंक में सुबह से तालाबंदी कर बैंक पूरी तरह से बंद कर 3 घंटे तक प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन करते देख थाना प्रभारी धरसीवा द्वारा आज सुबह से बैंक बंद होने के कारण प्रदर्शन को देखते हुए बैंक वाले के कहने पर बैंक के उच्च अधिकारी सहित प्रभावितों सहित सभी को थाने में बुलाकर बात करने का निर्णय लिया जिसमें बैंक की ओर से क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला रायपुर की उपस्थिति बैठक हुआ प्लेस मेट के भी लोगों द्वारा सीधा बचते हुए टाल मटोल करते रहे अंत में दबाव में बैंक जिम्मेदारी लेते हुए अपने उच्च अधिकारियों से संपर्क करके चर्चा करने लगे आज स्पष्ट हो गया कि बैंक जिम्मेदारी लेगे और फ्राड प्रभावित लोगों का पैसा वापिस का निर्णय लिए है लेकिन समय कब वापिस करेंगे लिखित में देने के लिए उच्च अधिकारियों से स्पष्ट समय तय नहीं हो पाने से बैंक के अधिकारी 2 दिन का समय मांगते रहे लेकिन प्रभावित लोगों द्वारा सीधा मना कर दिए और स्पष्ट निर्णय ले लिए कि जब तक रकम वापसी का लिखित में पत्र नहीं मिलेगा बैंक को बंद रखा जाएगा इस निर्णय के आधार पर आज समझौता स्थगित कर चले गए प्रभावित हितग्राही बैंक वाले बैंक चालू करने की मिन्नते करते रहे लेकिन कोई बात नहीं बनी।

आज बैंक के रुख के कारण एवं पुलिस विभाग की लचीला पन के कारण प्रदर्शन कर रहे प्रभावित लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। मामले में प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है आज धनेश देवागन,450000हजार कौशल्या यादव सहित अनेक लोगों की ओर होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता,जब तक लिखित में रकम वापसी का नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा,बैंक बंद रहेगा।आज के कार्यक्रम में कांग्रेस का विशेष सहयोग रहा प्रदर्शन के रूप में बैंक से लेकर थाना तक समलित हुआ साथ ही थाने में भी दबाव बनाते रहे आज के प्रदर्शन मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा,ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा,पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,सरपंच साहिल खान, इजराइल खान , राजा भैया , शुभम गोयल, पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल , सुधांशु वर्मा,लक्की साहू,मनीषा साहू,रानी यादव,सहित प्रभावित लोगों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही साथ ही प्रभावितों के परिवार भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का दूसरा चरण शुरू

■ जांच एवं उपचार से टीबी मुक्त जिला की ओर अग्रसर बलरामपुर-रामानुजगंज

बलरामपुर / नवप्रदेश। विश्व क्षय दिवस राष्ट्रव्यापी अभियान के अवसर पर बाजार पारा स्थित ऑडिटोरियम हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जायसवाल ने महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री भानु प्रकाश दीक्षित, अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले टीबी को एक अत्यंत गंभीर बीमारी के रूप में देखा जाता था, जिसके कारण लोगों में इसके प्रति छुआछूत का भावना भी थी। लेकिन अब समय के साथ परिस्थितियां बदल चुकी हैं और जागरूकता बढ़ने से इस बीमारी के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन के संकल्पों और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के परिणाम स्वरूप टीबी जैसी बीमारी से भी अब निजात संभव हो रही है। इसके लिए आवश्यक है कि लोग इसके लक्षणों को समय रहते पहचानें और तत्काल उपचार शुरू कराएं।

भोरमदेव: रोमांच और प्रकृति का अद्भुत संगम

कवर्धा/ नवप्रदेश। मैकल पर्वत श्रृंखलाओं की हरियाली में बसे भोरमदेव अभयारण्य में जल्द ही जंगल सफारी का रोमांच पर्यटकों को आकर्षित करने वाला है। वन विभाग द्वारा यहां सफारी शुरू करने की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं, जिससे पर्यटकों को जंगल के भीतर प्राकृतिक जीवन का करीब से अनुभव मिल सकेगा।

यह अभयारण्य कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव कॉरिडोर है, जहां वन्य प्राणियों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। यही वजह है कि यहां बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, जंगली भैंसा और कई दुर्लभ पक्षी प्रजातियां देखने को मिलती हैं। जंगल सफारी के शुरू होने के बाद पर्यटक खुले जंगल में जीप सफारी के माध्यम से इन वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकेंगे। साथ ही चिल्फी घाटी की हरियाली, पहाड़ियां और प्राकृतिक झरने इस सफर को और भी यादगार बना देंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जंगल सफारी शुरू होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए भोरमदेव अभ्यारण की जंगल सफारी एक बेहतरीन डेस्टिनेशन बनने जा रही है।

रंजना साहू ने की आदिशक्तियों की पूजा-अर्चना

■ समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की

धमतरी / नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मधरा धाम धमतरी में आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। इसी शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने आराध्य देवी माँ अंगारमोती, माँ शीतला देवी एवं माँ विंध्यवासिनी के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्रीमती रंजना साहू ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक है, जो हमें सत्य, साहस और सकारात्मकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, माँ दुर्गा की आराधना से जीवन में नई ऊर्जा और शक्ति का संचार होता है। श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने आगे कहा कि चैत्र नवरात्रि भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है, यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, संयम और सेवा भाव का संदेश देता है, माँ जगदंबा की कृपा से सर्वसमाज में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही मेरी कामना है।

टीबी हारेगा देश जीतेगा नारे के साथ जिले में मनाया गया विश्व क्षय दिवस

बलौदाबाजार // नवप्रदेश। विश्व क्षय दिवस जिले में मनाया गया । रोग के प्रति समुदाय में जन जगरूकता के प्रसार हेतु विविध कार्यक्रम किये गए । इसमें नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्कूल में परिचर्चा ,रोग से लड़ने बाबत शपथ सहित उपचाररत मरीजों की काउंसिलिंग सेशन भी आयोजित हुए कार्यक्रम में टीबी रोग के फैलने के कारण,लक्षण ,उपचार सहित निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र के बारे में भी लोगों का संवेदीकरण किया गया। टीबी के उपचार रत मरीजों को परामर्श के माध्यम से उन्हें नशा न करने,दवाई समय पर खाने और पूरा कोर्स करने की सलाह दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है।

जरूरतमंद लाइन में, रसूखदारों को मकान

छुईखदान/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत काबिज पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान देने के लिए शासन द्वारा 31 मार्च तक मिशन मोड में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत निकायों में सर्वे कर पात्र हितग्राहियों की पहचान कर लाभ दिलाने की बात कही गई है।

हालांकि, छुईखदान नगर पंचायत में अब तक इस संबंध में कोई ठोस प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। स्थानीय स्तर पर न तो सर्वे प्रारंभ हुआ है और न ही आवेदन प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध है।स्थिति यह है कि वर्ष 2023 से लंबित आवास योजना के कई प्रकरण आज तक अधूरे पड़े हैं। जिन हितग्राहियों के सभी दस्तावेज पूर्ण हैं, उनका भी कार्य अब तक आगे नहीं बढ़ पाया है। इसके अलावा, इस विषय में नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।वहीं, स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिन ठेकेदारों को नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए का भुगतान किया गया है, उनके आवास योजना के प्रकरण स्वीकृत हो गए हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंद हितग्राहियों के आवेदन अब तक लंबित पड़े हैं। इससे योजना की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी सवाल उठने लगे हैं। नगर पंचायत छुईखदान के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा ने बताया कि योजना को लेकर शासन स्तर पर घोषणा तो की गई है, लेकिन अब तक उन्हें कोई विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उच्च स्तर से गाइडलाइन प्राप्त होगी, उसी के अनुसार सर्वे एवं आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ऐसे में जहां एक ओर 31 मार्च तक अभियान पूरा करने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पूर्व से लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं होना और नई योजना की तैयारी का अभाव, पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

आंगनबाड़ी केवल एक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव: रामू रोहरा

मोखा में महापौर ने किया आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

धमतरी/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मड़ाईभाठा अंतर्गत ग्राम मोखा में नव-निर्मित भव्य आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक साख सहकारी समिति कुर्रा-बागतराई के मुरारी यदु ने की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा, अमन राव (अध्यक्ष भाजपा मंडल रावां, धमतरी), महेश राम यदु (ग्राम पटेल), बिसौहा राम साहू (ग्राम पटेल, बागतराई), देहुती साहू (सभापति म.बा.वि.ज. धमतरी), परमेश्वर साहू (पूर्व अध्यक्ष सोसाइटी तरसींवा), शांतनु राव शिंदे (वरिष्ठ कार्यकर्ता), रेवा राम साहू (संचालक लोक कलामंच हरेली), घनश्याम देवांगन एवं लिलेश्वरी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रामू रोहरा ने विस्तृत रूप से कहा कि आंगनबाड़ी भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। यहां से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और संस्कार मिलते हैं, जो उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तब मिलता है जब ऐसे भवनों के माध्यम से गांव के हर बच्चे और माताओं तक सुविधाएं पहुंचती हैं।

महापौर श्री रोहरा ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और पोषण की व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे इस भवन का संरक्षण करें और बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी भेजकर इसका पूरा लाभ उठाएं।

चमेली के जीवन में भूमिहीन कृषि मजदूर योजना ने बिखेरी खुशियों की रोशनी

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं ने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना शुरू कर दिया है, जिसकी एक जीवंत मिसाल जिले की ग्राम पंचायत सकरी की निवासी चमेली सेन हैं। पूर्ण रूप से भूमिहीन होने के कारण आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे चमेली के परिवार के लिए 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' एक बड़ा संबल बनकर उभरी है।

योजना के तहत प्रतिवर्ष मिलने वाली 10,000 रुपये की सहायता राशि ने न केवल उनके संघर्षों को कम किया है। चमेली सेन का कहना है कि यह राशि महज एक आर्थिक मदद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार है। आर्थिक सशक्तिकरण की यह कड़ी यहीं नहीं रुकती, चमेली को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' का भी निरंतर लाभ मिल रहा है।

संरक्षा के सजग प्रहरियों को 'मंडल रेल प्रबंधक संरक्षा पुरस्कार' से किया गया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में आज 24 मार्च को मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान माननीय मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा निम्नलिखित रेल कर्मचारियों को संभावित रेल दुर्घटना टालने के लिए नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शंकर कुमार, लोको पायलट (मालगाड़ी) /डोंगरगढ़ एवं विकास सिंह, सहायक लोको पायलट/ डोंगरगढ़ - 21 जनवर को गाडी क्र. टीपीएचएस से कार्य करते हुए देखा कि आमगाँव पीएफ नं. . 2 (लाईन क्र. 3) पर गाड़ी क्र. 12856 डाउन खड़ी थी और उसके यात्री विरुद्ध दिशा (पीएफ नं. . 3) से लाईन पार कर रहे थे परंतु पीएफ की उचाई ज्यादा होने के कारण कुछ यात्री लाईन पर ही खड़े थे, लगातार सीटी बजाने के बावजूद भी वे नहीं हटे। कर्मीदल ने अपनी सुझ-बुझ, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते गाड़ी को खड़ा कर संभावित दुर्घटना होने से बचाया। आनंद कुमार, लोको पायलट (मालगाड़ी)/कलमना एवं राम भवन चौहान, सह लोको पायलट/कलमना - दिनांक 24.01.2026 को गाडी क्र. एन/बीओएण्ड से कार्य करते हुए मुण्डीकोटा-तिरोडा खंड मे कि.मी. 1037/07 पर अप एवं डाउन लाईन पर एक सीडी रखी हुई देखी। कर्मिदल ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर गाड़ी खड़ा किया तथा अप लाईन को डेटोनेटर लगा कर सुरक्षित किया और गार्ड के साथ मिल कर सीडी को हटाया एवं इसकी जानकारी कार्यरत कर्षण नियंत्रक को दी। पंकज आर. येरपुडे, लोको पायलट (मालगाडी) /नागपुर - अपने गाडी संचालन के दौरान सीएमएस मॉड्यूल मे ओएचई के इन स्पान ड्रापर की घटनाओं के बारे मे समय-समय पर रिपोर्ट किया जाने से संबंधित विभाग द्वारा समय पर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यवाई से पैन्टोग्राफ फसने आदि के कारण ओएचई ब्रेकडाउन की 70% से 80% घटनाये रोकी जा सकी।

मानव तस्करी रोधी जागरूकता' कार्यशाला आयोजित

रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से रायपुर स्थित डब्ल्यू आर एस के रेलवे उल्लास भवन, सभागार में 'मानव तस्करी रोधी जागरूकता' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डेलिना खोंगडुप उपस्थित रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में नौशीना आफरीन अली (वरिष्ठ अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर), संजीव शुक्ला (पुलिस आयुक्त, रायपुर), दिव्यांग पटेल (रेलवे पुलिस अधीक्षक), पी. दयानंद (मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर) एवं विपिन ठाकुर (छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख, बचपन बचाओ आंदोलन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः लगभग 11:15 बजे महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा पदों की पात्रता सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल असिस्टेंट-एनओएचपी, फीडिंग डिमांसट्रेटर-एनआरसी, एमपीडब्ल्यू-यूएएम, सेक्रेट्रियल असिस्टेंट-आईडीएसपी, एनपीसीबी, कुक-एनआरसी, क्लीनर-एसएनसीयू, आयाबाई-एसएनसीयू की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम से 30 मार्च 2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय के आवक जावक शाखा में जमा कर सकते है। पदों की सूची एवं दावा आपत्ति का प्रारूप कार्यालय सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

राजस्व पखवाड़ा का पहला चरण 1 अप्रैल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजस्व मामलों के निराकरण के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गांव-गांव में समाधान शिविर लगाकर किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज समय-सीमा की बैठक में इसकी समीक्षा की और कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण मौके पर ही समाधान शिविर में किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के अनुरूप शिविर के लिए एजेण्डा जारी कर दिए हैं। उन्होंने शिविर का कोटवारों और अन्य माध्यमों से अधिक से प्रचार करने को कहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण और किसान शिविरों का फायदा उठा सकें। राजस्व पखवाड़ा का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में राजस्व अमला गांव स्तर पर पहुंचकर विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण करेगा। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बंटांकन, व्यपवर्तन एवं वृक्ष कटाई से संबंधित समय-सीमा से बाहर प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन, नोटिस जारी कर सुनवाई एवं निराकरण भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनहानि, फसल क्षति एवं पशु हानि से संबंधित आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

बिल्हा, मस्तूरी के सहकारी समितियों में सबसे अधिक अनियमितता

जिले के सहकारी समितियों में प्रभारी प्रबंधक बनाने लाखों का खेल, सीईओ पर आरोप!

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक को लेकर इन दिनों काफी गड़बड़ी सामने आ रही है। कई समितियों में पैसे लेन-देन कर प्रभार दे दिया गया है, जिसमें विभाग के सहकारिता सीईओ हेमवती नंदन पुरैना का नाम प्रमुख रुप से लिया जा रहा है और कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि सीईओ गोधली वर्मा, नितिन घोरे सहित कई लोग इस गड़बड़ी में शामिल हैं और सालों से एक ही जगह पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि चौकीदार, चपरासी, विक्रेता और लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ लेन-देन कर समितियों का प्रभारी बना दिया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, वे कर्मचारियों को 70 से 80 हजार तक दिलाने का आश्वासन देकर बदले में रकम की मांग करते हैं और एक से दो लाख रुपए लेकर प्रभारी प्रबंधक भी बना दिया जाता है।

टीम गठित कर मामले की करेंगे जांच

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के उपायुक्त चंद्रशेखर जायसवाल ने कहा कि अभी तक किसी ने लिखित में शिकायत दर्ज नहीं की है, लेकिन मीडिया के जरिए मामले की जानकारी हुई है। पूरे मामले को लेकर टीम गठित कर जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी एवं सहकारी समितियों की प्रशासनिक व्यवस्था फिलहाल बेहतर है और किसानों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो रही है।

जानकारी के मुताबिक, हेमवती नंदन पुरैना पूर्व में मस्तूरी में सीईओ के पद पर पदस्थ रह चुके हैं और करीब तीन वर्षों तक वहां कार्यरत रहे। आरोप है कि उस दौरान भी उन्होंने जमकर अनियमितता की। वर्तमान में वे बिलासपुर स्थित उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं में पदस्थ है। जहां भी उनके खिलाफ लगातार भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मस्तूरी क्षेत्र से आने वाली कई शिकायतों को हेमवती नंदन पुरैना द्वारा दबा दिया जाता है, जिससे मामलों में कार्रवाई नहीं हो पाती। इसके अलावा, उन पर यह भी आरोप है कि वे लोगों को ऑपरेटर, बरदाना प्रभारी, प्रबंधक और लिपिक जैसे पदों पर नियुक्त कराने का झांसा देकर पैसे की मांग करते हैं। मस्तूरी विकासखंड में ही मामला सामने आया है कि सहकारिता विभाग के पूर्व सीईओ हेमवती नंदन पुरैना बिना किसी वैकेंसी और बिना आधिकारिक आदेश के लोगों को नौकरी पर रखा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस तरह नियमों को दरकिनार कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अपात्रों को सहकारी समितियों का प्रभार

जिले में करीब डेढ़ सौ सेवा सहकारी समितियां संचालित है यहां पर किसानों को कृषि कार्य से संबंधित हर प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है, लेकिन सहकारी समितियों में कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर भारी गड़बड़ी की जाती है। कई समितियों में तो चपरासी और चौकीदार को ही प्रभारी बना दिया जा रहा है। सीनियर, जूनियर का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सेवा सहकारी समिति बहतरा में सीनियर लिपिक रोशन पटेल को प्रभारी न बनाकर समिति के विक्रेता को प्रबंधक बना दिया गया है। इसी तरह सेवा सहकारी समिति ओखर में विक्रेता को प्रबंधक बना दिया। कई सहकारी समितियों में तो कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रभारी संस्था प्रबंधक बना दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभार का खेल लाखों में है। इस समय अधिकांश सहकारी समितियों में नियमित संस्था प्रबंधक नहीं होने का पूरा लाभ सहकारिता विभाग के सीईओ उठा रहे हैं और मनमानी तरीके से लेन-देन करके किसी को भी सहकारी समिति का प्रभारी नियुक्त कर दे रहे हैं। इस काम में तखतपुर, मस्तूरी, बिल्हा और कोटा के सहकारी समितियों के सीईओ की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। कई ऐसे सहकारी समिति हैं जहां लेन-देन कर अपात्र को प्रभारी बना दिया गया है।

पीएम श्री स्कूलों के मेधावी छात्रों को दिल्ली आगरा का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

बिलासपुर/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीएम श्री स्कूलों के मेधावी छात्रों को राज्य से बाहर शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली एवं आगरा के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के बाद छात्रों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट कर अपने अनुभव साझा किए। श्री अग्रवाल ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने इस अनुभव को यादगार बताया। बिलासपुर जिले से चयनित छात्रों में पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या सरकंडा की छात्रा दिव्या साहू, चकरभाठा से हर्षवर्धन साहू, डी.के.पी. कोटा से दियांशु टंडन, तखतपुर से विनायक दुबे एवं मस्तूरी ब्लॉक से दिव्यांशी शामिल रहे। इस 5 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में 5 शिक्षकों ने भी सहभागिता की।

नियमितीकरण अटकी, 45 सौ से अधिक फाइलें पेंडिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में बिना नक्शा पास मकानों के नियमितीकरण के लिए शुरू की गई प्रदेश सरकार की योजना अब ठहराव की स्थिति में पहुंच गई है। करीब तीन साल पहले लागू इस योजना के तहत शहर के हजारों लोगों ने इंजीनियरों के माध्यम से 15 से 20 हजार रुपये तक खर्च कर नक्शे तैयार करवाए और फाइलें नगर निगम के जोन कार्यालयों में जमा की थीं। हालांकि, प्रारंभिक स्तर पर फाइलों की प्रक्रिया आगे बढ़ी और अधिकांश आवेदन नगर निगम की भवन शाखा से होते हुए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग तक पहुंच गए, लेकिन उसके बाद से प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी है। नगर निगम बिलासपुर में वर्तमान में नियमितीकरण के लगभग 4,500 से अधिक आवेदन लंबित हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि सभी फाइलें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को भेज दी गई हैं, लेकिन वहां से आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। सूत्रों के अनुसार, कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी की बैठकें नियमित रूप से नहीं होने के कारण इन मामलों का निराकरण अटका हुआ है। इस विषय में जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं। योजना के तहत लोगों ने अपनी जमा पूंजी खर्च कर फाइलें तैयार कराईं, लेकिन अब उन्हें न तो प्रक्रिया की स्पष्ट स्थिति बताई जा रही है और न ही कोई निश्चित समयसीमा दी जा रही है। कई आवेदकों का कहना है कि यदि दोबारा आवेदन या नियमों में बदलाव की बात होती है, तो यह उनके साथ अन्याय होगा।

प्रक्रिया को बीच में रोक देना अनुचितः अंकित

इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेता अंकित गौरहा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि सरकार की योजना के तहत लोगों से हजारों रुपये खर्च करवाने के बाद प्रक्रिया को बीच में रोक देना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की है कि लंबित सभी आवेदनों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए नियमितीकरण प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। लंबित आवेदनों के कारण आवेदक लगातार नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। हर बार अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं—कहीं प्रक्रिया बंद होने की बात कही जाती है, तो कहीं नियमों में बदलाव का हवाला दिया जाता है। इससे आम नागरिकों में असमंजस और असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

बगदाई माता मंदिर में नवरात्र की धूम, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा स्थित अशोक नगर के प्रसिद्ध बगदाई माता वनदेवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जहां हर ओर भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

मंदिर के पुजारी पंडित गंगाराम तिवारी के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि पर्व विशेष श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा है। माता वन देवी के दरबार में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां की अनोखी परंपरा है, जहां भक्त माता को पत्थर अर्पित करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन और अटूट विश्वास के साथ पत्थर चढ़ाने पर माता वन देवी विशेष रूप से प्रसन्न होती हैं और भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। यही वजह है कि दूर-दूर से लोग अपनी इच्छाएं लेकर यहां पहुंचते हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी और नवमी तिथि को विशेष पूजा, हवन और कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ब्राह्मणों का सम्मान और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित तरीके से की गई हैं। मंदिर के संरक्षक श्री पाटनवार ने बताया कि वर्षों पहले यह स्थान एक छोटा सा धार्मिक स्थल था, लेकिन समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था और सहयोग से यह भव्य मंदिर के रूप में विकसित हुआ है। करीब एक सदी पुराना यह मंदिर आज 'वनदेवी' के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। नवरात्रि के दौरान यहां भक्त माता से संतान सुख, तरक्की, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना लेकर पहुंच रहे हैं। श्रद्धा और विश्वास से भरे इस दरबार में हर आने वाला भक्त भावविभोर हो उठता है, जहां आस्था की शक्ति और भक्ति का सागर निरंतर प्रवाहित हो रहा है।

ज्योति कलश से जगमगा रही शीतला माता मंदिर

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन चंडी माता मंदिर और पुरानी बस्ती शीतला मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में तेल और घी के ज्योति कलशों की स्थापना की गई, जिनमें से 351 तेल ज्योति कलश और 16 घी ज्योति कलश चंडी माता मंदिर में स्थापित किए गए, जबकि शीतला मंदिर में 290 तेल ज्योति कलश और 10 घी ज्योति कलश स्थापित हुए इन मंदिरों में भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कलश स्थापना कराई है। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है, जिसमें पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा के इंतजाम शामिल हैं। शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जिनमें शीतला माता मंदिर और चंडी माता मंदिर प्रमुख हैं। इन मंदिरों में कलश स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई इस दौरान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं, जिनमें, दुर्गा सप्तशती और भजन कीर्तन शामिल हैं।

निर्देश: स्कूलं के 100 मीटर दायरे में तंबाकू बिक्री पर रोक, कलेक्टर के सख्त निर्देश, बेचते पाए जाने पर लगेगा जुर्माना

स्कूलों के आसपास गुटखा दुकानों पर लगेगा प्रतिबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में नशा नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक रणनीति तैयार की है। इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोटपा एक्ट, एनकार्ड एवं सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि स्कूल और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की गुटखा, पान एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे दुकानों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नशा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि 100 मीटर के दायरे में संचालित पान-गुटखा दुकानों का सर्वे कर सूची तैयार की जाए, ताकि लक्षित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि नशा कारोबारियों की गतिविधियाँ अक्सर स्कूल-कॉलेजों के आसपास केंद्रित रहती हैं, इसलिए पुलिस द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। जागरूकता के साथ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई भी जारी रहेगी।

बढ़ती दुर्घटनाओं पर कलेक्टर ने चिंता जताई

सड़क सुरक्षा पर चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कोटा क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित एवं मानकों के विपरीत बनाए गए स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। प्रत्येक बड़ी दुर्घटना का विश्लेषण कर उसके आधार पर सुधारात्मक कदम उठाने तथा नई सड़कों में ब्लैक स्पॉट नहीं बनने देने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने बताया कि चालू तिमाही में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है। इस वर्ष अब तक 71 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 33 था। उन्होंने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निलंबन के बाद निगरानी रखने और पुनः उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्त करने की बात कही। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 5 ब्लैक स्पॉट और 1 ग्रे स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इनके सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड से जुड़े अस्पतालों में पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज मिल सकता है।

सुविचार

अगर आप छोटी छोटी खुशियों से खुश रहेंगे तो यकीनन आपकी खुशियों की उम्र कभी छोटी नहीं होगी। - अज्ञात

आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप का यू-टर्न

खुद को सीजफायर का स्पेशलिस्ट बताने वाले अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के खिलाफ खुद होकर पांच दिनों के लिए संघर्ष विराम करने की घोषणा करनी पड़ गई। डोनाल्ड ट्रंप का यह यूटर्न बताता है कि अब उन्हें अपनी गलती का एहसास हो गया है। दरअसल उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि ईरान जैसा छोटा सा देश अमेरिका को सबक सिखा देगा। बावजूद इसके की अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कार्यवाही में इजराइल जैसे देश का भी सहयोग लिया था किन्तु ईरान ने अकेले अपने दम पर अमेरिका और इजराइल दोनों से लोहा ले लिया। यही नहीं बल्कि ईरान ने खाड़ी के उन देशों पर भी कहर ढाना शुरू कर दिया जो अमेरिका के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। ईरान ने होर्मूज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके खाड़ी देशों को जोर का झटका दे दिया। गौरतलब है कि ईरान के आधिपत्य वाले होर्मूज से होकर ही खाड़ी देशों का तेल दुनियाभर में जाता है। हर माह तीन हजार से अधिक जहाज होर्मूज से होकर जाते हैं। इस तरह दुनिया के देशों का 20 प्रतिशत तेल यही से होकर गुजरता है। इसपर ईरान ने पहरा बिठाकर पूरी दुनिया के सामने। तेल का संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन अनेक देशों में पेट्रोल और डीजल तथा गैस के दाम आसमान छूने लगे और ऐसे सभी देश इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार ठहरा कर उनकी अलोचना करने लगे। होर्मूज पर ईरान ने अपने मित्र राष्ट्रो को ही तेल ले जाने की इजाजत दी थी जिसमें एक देश भारत भी है। दुश्मन देशों के तो जहाजों को उसने बम का निशाना बनाना शुरू कर दिया था। वहीं अन्य देशों से उसने भारी रकम वसूलना भी प्रारंभ कर दिया था। होर्मूज की नाकाबंदी डोनाल्ड ट्रंप के लिए परेशानी का सबसे बड़ा सबब बन गई थी और होर्मूज को खोलने के लिए उसने ईरान पर दबाव बनाने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था लेकिन ईरान ने भी धमकी के जवाब में और बड़ी धमकी देकर अमेरिका और इजराइल सहित तमाम खाड़ी देशों के होश उड़ा दिये थे। ऐसे में संयुक्त अरब सहित सभी खाड़ी देशों ने डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव बनाया कि वह यह जंग रोकें वरना हम सभी तबाह हो जाएंगे। खुद अमेरिका के भीतर भी डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी अलोचना का सामना करना पड़ रहा था और उन्हें यह डर सताने लगा था कि यदि उन्होंने हटधर्मिता नहीं छोड़ी तो शीघ्र ही होने वाले मध्यावधि चुनाव में उनकी पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ेगा और उनका राष्ट्रपति पद भी खतरे में पड़ जाएगा। नतीजतन उन्हें झकमारकर पांच दिनों के लिए एकतरफा संघर्ष विराम का एलान करना पड़ा। दरअसल 25 दिनों से चल रहे इस जंग में ईरान और इजराइल को जो नुकसान हुआ है उससे कम ही सही लेकिन अमेरिका को भी इसका नुकसान उठाना पड़ा है। यदि यह जंग और लंबी चल जाती है तो सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था गड़बडाने के साथ खदु अमेरिका की अर्थव्यवस्था भी लड़खड़ा जाएगी। यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रंप को यूटर्न लेने के लिए बाध्य होना पड़ा है और हेठी न हो इसके लिए यह झूठ बोल रहे हैं कि ईरान से दो दिनों तक उनकी बातचीत हुई है और यह वार्ता आगे भी सकारात्मक हो इसलिए वे पांच दिनों के संघर्ष विराम की घोषणा कर रहे हैं उनके यह झूठ का ईरान ने तत्काल पर्दाफाश कर दिया और यह स्पष्ट कर दिया कि ईरान की अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। डोनानाल्ड ट्रंप ने ईरान के हमलों से और धमकी से डरकर एकतरफा सीजफायर का ऐलान किया है। ईरान ने यह भी धमकी दी है कि वह अपने हमले जारी रखेगा। अगर अमेरिका या इजराइल ने ईरान के सबसे बड़े पावर प्लांट को निशाना बनाने की हिमाकत की तो ईरान खाड़ी देशों में तबाही मचा देगा। ईधर इजराइल ने भी डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद ईरान पर अपने हमले जारी रखें हैं और इरान भी इजराइल पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की इस घोषणा के बाद भी यह जंग रूक जाएगी इसकी संभावना कम ही है। अब देखना होगा कि अमेरिका के पांच दिनों के सीजफायर के बाद इस जंग को रोकने के लिए अमेरिका और इजराइल के बीच कोई वार्ता होती है या नहीं और अगर वार्ता होती भी है तो उसका क्या नतीजा निकलता है।

भारत के ओलंपिक सपनों की ओर एक मजबूत कदम

भारत की खेल यात्रा अद्भुत विविधता से भरी हुई है। उत्तर-पूर्व के पहाड़ों से लेकर मध्य भारत के जंगलों तक, हमारे देश के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है। खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत को अब आठ वर्ष हो चुके हैं, और इतने कम समय में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल, बीच गेम्स और विंटर गेम्स जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से, खेलो इंडिया ने देशभर के युवा खिलाड़ियों की विविध प्रतिभाओं को पहचानने और उभारने में सफलता प्राप्त की है।

डॉ. मनसुख मांडविया

खेलो इंडिया जनजातीय खेल (केआईटीजी) का समावेश इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका पहला संस्करण 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में सात पदक खेल शामिल होंगे–एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन , तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेलों का आयोजन बस्तर क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों, जो प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र का हिस्सा हैं, के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र, रायगढ़ और मानपुर जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह केवल एक और खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को व्यापक बनाते हुए हर खिलाड़ी तक अवसर पहुँचाना है–चाहे वह किसी भी भौगोलिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो। सीधे शब्दों में कहें तो यह हाशिए पर पड़े खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।

जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने लंबे समय से देश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान के महान तीरंदाज लिम्बा राम से लेकर झारखंड की तीरंदाजी स्टार दीपिका कुमारी तक, और अनेक हॉकी खिलाड़ियों से लेकर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू तक, उनकी उपलब्धियाँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। ये उदाहरण इन क्षेत्रों में निहित अपार संभावनाओं को दर्शाते हैं।

कई जनजातीय क्षेत्र ऐसे भी हैं जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए पहचान और विकास के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में, इन क्षेत्रों में संगठित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और

राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का कार्य करता है। यह अनिश्चितता को अवसर में और अलगाव को समावेशन में बदलने का प्रयास है। वास्तव में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण–÷खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत÷–आज साकार हो रहा है। खेल आज एक सशक्त माध्यम और समान अवसर प्रदान करने वाला साधन बन चुका है, जो वंचित वर्गों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देता है। जनजातीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया का विस्तार इसी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है और यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का आयोजन स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इससे जनजातीय क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन होगा, साथ ही स्थानीय कोच, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों को दैनिक जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर एक स्थायी और समावेशी खेल संस्कृति विकसित हो सके। ये खेलो इंडिया जनजातीय खेल केवल एक बार आयोजित होने वाला आयोजन नहीं हैं, बल्कि इन्हें खेलो इंडिया के वार्षिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिया जाएगा। इससे देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों को निरंतर और नियमित मंच मिलेगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक संस्करण के साथ ये खेल व्यापक खेलो इंडिया (इकोसिस्टम) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेंगे। इस दृष्टि से, जनजातीय खेल केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक समृद्ध खेल संसार में प्रवेश का द्वार हैं।

इन खेलों के माध्यम से हम प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय कोच, उच्च प्रदर्शन निदेशक और भारतीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ इन खेलों में उपस्थित रहेंगे। चयनित खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए भाखेप्रा केंद्रों में भेजा जाएगा, जिससे वे अपने खेल करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें। जैसे-जैसे भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है, वैसे-वैसे प्रतिभाओं का दायरा बढ़ाना और भी आवश्यक हो जाता है। इसका अर्थ है देश के हर कोने तक पहुँचना और यह सुनिश्चित करना कि हर युवा खिलाड़ी–विशेषकर जनजातीय समुदायों से–अवसरों से वंचित न रहे। जनजातीय खेलों की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है और यह भारत के विकसित होते खेल तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

खेल उत्कृष्टता की यात्रा अक्सर उन गाँवों और समुदायों से शुरू होती है जहाँ सपने तो होते हैं, लेकिन अवसर सीमित होते हैं। खेलो इंडिया जनजातीय खेलों के माध्यम से, सरकार खेल को इन्हीं क्षेत्रों तक पहुँचा रही है। इस प्रक्रिया में हम न केवल भविष्य के चैंपियनों को खोज रहे हैं, बल्कि भारत की प्रतिभा श्रृंखला को भी सशक्त बना रहे हैं, ताकि हम एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें और 2036 तक शीर्ष 10 तथा 2047 तक शीर्ष 5 खेल राष्ट्र बनने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को साकार कर सकें।

विकास पुरुष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवः सशक्त नेतृत्व और समृद्ध मध्यप्रदेश का संकल्प

सुशील शर्मा/कपिल मिश्रा

मध्यप्रदेश की पावन धरा पर उज्जैन के लाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का व्यक्तित्व एक कुशल राजनेता, प्रखर विद्वान और दूरदर्शी प्रशासक का अद्भुत संगम है। 25 मार्च को उनके जन्मदिवस के अवसर पर, मध्यप्रदेश एक ऐसे दौर में है जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सामंजस्य बिठाते हुए विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। एक छात्र नेता से सूबे के मुख्यमंत्री तक का उनका सफर उनकी कर्मठता और जन-कल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

कैबिनेट के साथियों का सहयोग और टीम वर्कः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्य करने की शैली 'सामूहिक नेतृत्व' पर आधारित है। अपनी कैबिनेट के वरिष्ठ और युवा साथियों के साथ तालमेल बिठाकर उन्होंने शासन में पारदर्शिता और गतिशीलता ला दी है। उनका मानना है कि मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग दर विभाग समन्वय आवश्यक है, जिससे जनहितकारी योजनाओं का लाभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की शिक्षा अनुरूप अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँच सके।

सांस्कृतिक पुनरुत्थान और गौरव की पुनर्स्थापना-मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है। श्री महाकाल महालोक के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण के कार्यों को उन्होंने गति दी है, जिससे उज्जैन न केवल धार्मिक बल्कि वैश्विक पर्यटन का केंद्र बन गया है। भारतीय कालगणना और सम्राट विक्रमादित्य के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए विक्रमोत्सव को विश्व स्तरीय स्वरूप प्रदान करना उनकी सांस्कृतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है।श्री कृष्ण पाथेय,श्री पशुपतिनाथ लोक से प्रदेश में धार्मिक तीर्थाटन से स्थानीय विकास को गति प्रदान की जा रही है।

सिंहस्थ 2028: विश्व स्तरीय आयोजन की संकल्पना-आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। उनकी संकल्पना है कि उज्जैन का सिंहस्थ अब तक का सबसे भव्य, सुविधायुक्त और डिजिटल तकनीक से लैस आयोजन बने,जिससे सनातन संस्कृति के वैभव को वैश्विक पटल पर एक नवीन पहचान मिल सके। इसके लिए आधारभूत संरचना, यातायात और श्रद्धालुओं की

जन्मदिवस पर विशेष

सुविधाओं के लिए व्यापक बजट से व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

नदी संरक्षणः मां क्षिप्रा का कायाकल्प और जल संवर्धन मुख्यमंत्री का अपनी मातृभूमि और जीवनदायिनी क्षिप्रा के प्रति विशेष लगाव है।

क्षिप्रा नदी विकासः नदी को स्वच्छ,अविरल और निर्मल बनाने के लिए कान्ह नदी के पानी को कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना से डायवर्ट कर निर्मल बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है।मुख्यमंत्री डॉ यादव की परिकल्पना सिंहस्थ 2028 में शिप्रा में शिप्रा के जल से स्नान को साकार करती सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना का विकास तेजी से किया जा रहा है।

शिप्रा रिवर फ्रंट विकासः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना को साकार कर बनाया गया अहमदाबाद के साबरमती की तर्ज पर क्षिप्रा के तटों को 'रिवर फ्रंट' के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य भी निखरे।

जल संवर्धन-पूरे प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और भू-जल स्तर सुधारने के लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाए हैं, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सके। किसान, वनवासी और औद्योगिक विकास,त्रिकोणीय प्रगति : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना हैः किसान कल्याण-केंद्र की 'किसान सम्मान निधि' के साथ प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाकर राज्य की ओर कृषकों को अतिरिक्त लाभ और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बोनस देकर किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की जा रही है। **वनवासी कल्याणः** आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ 'पेसा एक्ट' के प्रभावी क्रियान्वयन और पीएम मित्रा पार्क वनवासी अंचलों में विकास कर और वनवासियों भाइयों बहनों की संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

औद्योगिक विकासः प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 'रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' जैसे आयोजनों के माध्यम से वे उद्योगपतियों को आमंत्रित कर रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'विकसित प्रदेश' बनने की दिशा में अग्रसर है। उनकी उच्च शैक्षणिक योग्यता (PhD, MBA) उनकी कार्यप्रणाली में स्पष्ट झलकती है, जहाँ वे तर्कों और तथ्यों के साथ प्रदेश के हित में कड़े निर्णय लेने से नहीं हिचकिचाते।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ श्याम का अगर सर्वत्र दर्शन करना है तो गुरु को ग्रहण करो।

◆ गुरु जैसा चाहता है तुम वैसा चलो।

होगा क्या??

जो तुम चाहते हो वैसा हो जाएगा।

◆ गुरु और भगवान के भोग के लिए जहाँ भाव लग गया, भक्ति लग गई तो वो भोग अमश्त हो गया।

◆ लोग कहते हैं- मेरे द्वेष को मिटा दो ! मैं कहता हूं- अपने राग को मिटा दो क्योंकि जब किसी से राग होगा तभी तो किसी से द्वेष होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1983 - दुनिया के सबसे आधुनिक समुद्र विज्ञान शोध पोत सागर कन्या का जलावतरण। 1986 - देश की पहली विशेष दुग्ध ट्रेन आनंद से चलकर कलकत्ता पहुंची। 1987 - दक्षेस (सार्क) देशों का स्थायी सचिवालय नेपाल की राजधानी काठमांडू में खोला गया। 1989 - भारत का पहला सुपर कंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किया गया. एक्स-एमपी-14 को अमेरिका द्वारा तैयार किया गया था। 1995 - विख्यात मुक्केबाज माइक टायसन तीन साल की कैद के बाद जेल से रिहा। 1999 - भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के आठ वर्गों को वीसा मामले में छूट देने की घोषणा। 2002 - उत्तरी अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 6.1 की तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई. 1000 से ज्यादा लोगों की मौत. 2003 - सद्दाम नहर और फरात पुल पर इराक का कब्ज़ा। पहले पोर्टेबल कम्प्यूटर बनाने वाले एडम ओस्बोर्न का देहांत। 2005 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान के लिए शांति सेना की मंजूरी दी। 2007 - टीम इंडिया विश्वकप क्रिकेट से बाहर।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कवि के हृदय की नव मधुर , अहसास है कविता। गुनगुना के कह उठे वह , विश्वास है कविता। नीले गगन की सु प्रभा , उषा मनोज दामिनी। निनाद हो प्रपात की , सुवेग कामिनी। मधुराधर काव्य सु कोमल तुम। अधराधर श्याम कला सोलह तुम। चंचल धार नदी गंगा की तीरथ राज प्रयाग सु संगम। हे कविता वन्दित जड़ जंगम। कवि परिणय कविता करे। कवि के हृदय निवास। कवि आह्लादित मन खिली। रजनी मन उल्लास।

- राजकिशोर मिश्र 'राज'

एक स्थान श्मशान जहाँ मिलते है साथ-साथ जिवन और मृत्यु एक स्थान क्षितिज जहाँ मिलते है धरती और गगन पर है वो कौन सी जगह जहाँ मिलते हो केवल दो मन दो आत्मा शरीर हो जाता है निराकार निर्थक हो जाती है शरीर बस मिलन होता है आत्माओं का एहसासों का और मै और तुम रह जाते है कहीं दूर बस रह जाते हैं हम....।

- डेज़ी जयसवाल

किसी को बात क्या अपनी बताऊँ ग़मों को छोड़ कर क्या भाग जाऊं छलक जाते हैं आँसू आँखों'से जब समझ आता नहीं, कैसे छुपाऊँ जरा सी बात पर जो रूठ बैठे पकड कर हाथ क्या उनका मनाऊँ बहुत उलझी हुई सी ज़िन्दगी है तो अपना क्यों मैं उसमें सर खपाऊँ कभी जब शौक से होता मगन मन खुशी से झूम कर नाचूं मैं' गाऊँ।

- संजय कुमार गिरि

देता है सबको वही ,सबके दाता राम। हारे के है आस वो, सुख के पावन धाम। सुख के पावन धाम ,धनिक हो भिक्षुक चाह। फैलाओ निज हाथ, राम फैलाते बाहें। चाहे केवल प्रेम, नहीं बदले कुछ लेता। मन से करो पुकार, प्रभो जो मांगो देता।। **- सुनिल शर्मा नील**

क्या आपको पता है आप किन किन की जिंदगी में है किन किन के दिल में है और किन किन के दिमाग में है? अगर नहीं पता तो पता कीजिए ताकि अपनी जिंदगी में सुकून ला सके सच्चाई के प्रति विश्वास बना रह सके क्योंकि किसी भी पुल का कोई भी एक सिरा कमजोर हुआ तो यह निश्चित है कि कभी ना कभी वह टूटेगा जरूर।

- अनामिका चक्रवर्ती अनु

खामोश शब्द-शांत यह दो शब्द नहीं,यह खुद में जिंदगी की गति समेटे है ।जो इस दो शब्दों के मर्म को समझ गया वह खुद को खुद में जीत लेता है।खुद को नकार कर बाहर की दुनिया को रोशन करने वाला अक्सर खुद से हार जाता है,गर खुद को जीत लिया फिर बाहर की दुनिया खुद ब खुद रोशन हो जायेंगी।। **- मीनू वोहरा**

आले रौशनदान अब, घर के सारे बंद। कहां बनाए घोंसला, गौरैया का द्वंद्व।। बोनसाइ फैशन बना, वृक्ष दिए सब काट। लगा रहे क्यूँ आंगना, गौरैया की बाट।।

- रजनी रामदेव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने वाला रहेगा। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा, तभी मनचाहा परिणाम मिल पाएगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए भाग्य का साथ देने वाला रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। किसी की कही-सुनी बातों में आकर विवाद में पड़ने से बचना ही आपके लिए बेहतर रहेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए आय के नए रास्ते खोल सकता है। हालांकि जीवनसाथी की सेहत में थोड़ी गिरावट आने से आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें आपको सावधानी और ध्यान से काम लेना होगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मंगलमय और उत्साह से भरा रहेगा। दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी, जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कन्याः आज का दिन आपको अपनी वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखने की सलाह देता है। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें।

तुलाः आज का दिन लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और कुछ नया करने की आपकी कोशिशें सफल हो सकती हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिलने के संकेत हैं।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाएंगे और उन्हें लागू करने की कोशिश करेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता भरा रहेगा। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार के बच्चों के साथ कुछ खुशी भरे पल बिताने का मौका मिलेगा।

कुंभः आज कुंभ राशि के जातकों के भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने के संकेत हैं। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर मिले तो अवश्य करें।

मीनः आज का दिन आपके लिए शुभ सुविधाओं और खुशियों को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मधुर वाणी लोगों का दिल जीतने में मदद करेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) शिगेरू इशिबा को किस देश का प्रधानमंत्री चुना गया है?

2) नेशनल गोपाल रत्न अवार्ड्स भारत में किस क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माने जाते हैं?

3) विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस (WCPD) हर साल किस दिन मनाया जाता है?

4) किस रंग का तारा सबसे गर्म होता है?

5) फ्रीस्टाइल स्केटिंग में 11 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी हैं?

उत्तरमाला- (1) जापान (2) पशुपालन और डेयरी क्षेत्र (3) 6 अक्टूबर (4) नीला (5) जानवी जिंदल

पहेली

शब्द सामर्थ्य -352

पहाड़ी चौक-शुक्रवारी बाजार रोड चौड़ीकरण, अब रोज सख्ती, जाम से मिलेगी मुक्ति

■ विरोध के बीच बुलडोजर, 40 मकान तोड़े, 3 लाख से ज्यादा को जाम से राहत

रायपुर/नवप्रदेश। पहाड़ी चौक से शुक्रवारी बाजार तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को सोमवार से जमीन पर गति मिल गई। पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने नजूल भूमि पर बने निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। विरोध-हंगामे के बीच अब तक 40 से ज्यादा मकान तोड़े गए। सोमवार को कार्रवाई के दौरान 50 से ज्यादा लोगों ने जमकर विरोध किया। इस दौरान महिलाएं भी मौजूद रहीं।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गुढ़ियारी थाने भेज दिया, जिसके बाद तीन जेसीबी से तोड़फोड़ शुरू हुई। प्रभावित लोगों ने मांग की कि केवल मार्किंग तक ही तोड़फोड़ हो, लेकिन प्रशासन ने इसे नहीं माना। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई नजूल भूमि पर हो रही है और मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है। यह सड़क फिलहाल संकरी है, जहां शाम को जाम लगता है। पहले चरण के लिए 32 करोड़ रुपए स्वीकृत हैं और सड़क दोनों ओर 33-33 फीट तक चौड़ी होगी। करीब 75 भू-स्वामी और 80 निर्माण प्रभावित हैं।

क्यों जरूरी था ये एक्शन

रोज शाम 4 से 8 बजे तक जाम से जूझते थे लोग।
सिंगल लेन सड़क पर बढ़ता ट्रैफिक बना मुसीबत।
स्टेशन और एक्सप्रेस-वे पहुंचने में 20 मिनट ज्यादा लगते थे।
3 लाख आबादी सीधे प्रभावित।
मुआवजे ने रोका था काम।
पहले दर: 29 हजार रु./वर्गमीटर।
अब नई दर: 36 हजार रु./वर्गमीटर।
7 हजार बढ़ोतरी से लागत में 36 करोड़ का इजाफा।
भू-स्वामियों ने पुराने दर पर भुगतान लेने से किया था इनकार।

नई सड़क बनने से गुढियारी, रामनगर, कोटा, अशोक नगर, गोगांव, कबीर नगर और टाटीबंध सहित 13 वार्डों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी लंबा रास्ता और जाम झेलना पड़ता है। सड़क बनने पर स्टेशन और एक्सप्रेस-वे तक सीधा रास्ता मिलेगा, जिससे 15-20 मिनट समय बचेगा और 3 लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित होंगे।

न्यूज गैलरी

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने लांच किया वन क्लिक सिंगल विंडो- सिंगल पोर्टल

रायपुर। वन क्लिक सिंगल विंडो एक एकीकृत डिजिटल पोर्टल है, जो निवेशकों को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक सभी अनुमतियां, मंजूरी, भूमि आवंटन और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा एक ही जगह प्रदान करता है। यह प्रणाली 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को जोड़ती है, जिससे समय की बचत होती है, पारदर्शिता बढ़ती है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलता है। उद्योग विभाग से पाप्त जानकारी के अनुसार वन क्लिक सिंगल विंडोका मूल विचार सरल है विभाग के साथ काम करने वाले सभी लोगों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाना। चाहे आप एक स्थापित व्यवसाय हों, संभावित निवेशक हों, स्टार्टअप हों या निर्यातक हों, अब आपको सब कुछ एक ही स्थान पर मिलेगा। अनुमोदन के लिए वन क्लिक सिंगल विंडो से लेकर सब्सिडी कैलकुलेटर के साथ प्रोत्साहन का अनुमान लगाने तक, प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और कुशल है। छत्तीसगढ़ के व्यापार को आसान बनाएं के व्यापक वादे के तहत, वनक्लिक राज्य का नया सिंगल-विंडो पोर्टल है जो व्यापारिक वातावरण में गति, सरलता और पारदर्शिता लाता है। अनुमोदन और मंजूरी से लेकर बिल भुगतान, भूमि आवंटन और अनुपालन तक - एक उद्यमी या निवेशक को जो कुछ भी चाहिए, वह अब सिर्फ एक क्लिक दूर है। वनक्लिक नाम सहज, यादगार है और पोर्टल के मूल कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाता है एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुगमता और दक्षता प्रदान करना। टैगलाइन - सीजी इसे आसान बनाता है - शासन को एक सहज अनुभव में बदलने के लिए छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां उद्यमी कागजी कार्रवाई में कम समय और महत्वपूर्ण कार्यों के निर्माण में अधिक समय व्यतीत करते हैं।

महिलाओं के आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास कार्यशाला

रायपुर/जशपुरनगर/नवप्रदेश। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, रायपुर द्वारा महावीर इंटरनेशनल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से मंगल भवन कुनकुरी में विगत दिवस कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित कर उन्हें आय अर्जन के लिए सक्षम बनाना था, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक धुरी बन सकें। कार्यशाला में कुल 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 25 दिव्यांग महिलाएं भी शामिल थीं। प्रतिभागियों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें हर्बल साबुन निर्माण, रिबन माला एवं गजरा बनाना, चॉकलेट निर्माण, मोमबत्ती बनाना, गोबर से निर्मित उत्पाद राखी, धूप कप, दीया तोरण, बोतल आर्ट, जैस्मिन आर्ट, झाड़ू एवं पोछा निर्माण तथा फिनाइल बनाना शामिल था। कार्यशाला के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगामी माह से रायपुर में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया, ताकि वे समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों द्वारा तैयार की गई सामग्री एवं उनके कौशल की सराहना की।

अब बढ़ेगा गर्मी, 3 दिन में 2 से 4 डिग्री चढ़ेगा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पिछले दिनों हुए मौसम में बदलाव के बाद अब गर्मी बढ़ने की संभावना है। फिलहाल प्रदेश के कई हिस्सों में पारा सामान्य से 2 से 4 डिग्री नीचे बना हुआ है। लेकिन अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। अब ड्राई मौसम के कारण सूरज के तेवर तीखे होने शुरू हो जाएंगे। पिछले 24 घंटों की बात की जाए तो उत्तर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो पूरे प्रदेश में सबसे कम रहा। वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव जिले में दोपहर की गर्मी सबसे ज्यादा महसूस की गई, जहां अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले शनिवार को कोंडागांव जिले में शिमला-मनाली जैसा नजारा दिखा। जिले में जमकर ओले गिरे। बड़ेराजपुर विकासखंड के टेवंसा, छोटेराजपुर, पाडोकी और बड़ेराजपुर गांवों के खेतों में बर्फ की मोटी चादर बिछ गई। ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं, जशपुर जिले के दुलदुला में बिजली गिरने से मजदूर सनऊ राम (51) की मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रेखा घायल हो गईं। दूसरी ओर रायगढ़ में बिलासपुर जलाशय का गेट टूटने से पानी बहा और पास के खेतों में फैल गया। रायपुर के लिए मौसम विभाग का अनुमान है कि आज (सोमवार) को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: ठाकुर

रायपुर/ नवप्रदेश। भाजपा सरकार में गुजरात की कम्पनी से 8 गुना ज्यादा दाम में हुई वर्मी बेड खरीदी की जांच की मांग करते हुऐ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा

उद्यानिकी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है जेम पोर्टल में जो वर्मी बेड 2000 रु. प्रति नगद की दर पर उपलब्ध है उसे प्रदेश में 16500 रु. प्रति नगद की दर से खरीदी की गई।क्या यही गुजरात मॉडल है।महासमुंद जिला में 16500 रु. की दर से 100 बेड के लिए 165000 रु. की खरीदी की गई। प्रदेश के 14 जिलों में भी इसी प्रकार से खरीदी हुई है। जबकि जेम पोर्टल में 2000 रु. प्रति नगद की दर से उपलब्ध है। एक मुश्त 100 नगद की खरीदी पर 1700 रु. प्रति नग का ऑफर है, फिर 8 गुना ज्यादा दर पर खरीदी भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार का सबूत है, इसकी जांच होनी चाहिये। कम्पनी से पैसा की रिकवरी होनी चाहिए जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये।

नया रायपुर में सामने आई बड़ी गड़बड़ी, एनआरडीए ने लगाई निर्माण पर रोक

सरकारी जमीन पर पीएम आवास को मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 115 आवासों को स्वीकृति देने के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। ग्रामों में आवेदनों के आधार पर जिस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने के लिए स्वीकृति दी गई है, वह जमीन शासकीय निकली, जिसे शासन पहले ही एनआरडीए को हस्तांतरित कर चुका है। इसके बाद भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन जमीनों पर 115 लोगों को आवास बनाने की अनुमति दे दी गई है। इसका खुलासा तब हुआ, जब एनआरडीए ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्वीकृत जमीनों के खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन कराया। इसमें यह सभी जमीन उसके अधीन पाई गई है। इसके मद्देनजर एनआरडीए ने उक्त आवासों के निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने से संबंधी आदेश जारी किया है। एनआरडीए के इस आदेश के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण करा रहे लोगों की चिंता बढ़ गई है कि उनके खुद के मकान का सपना पूरा हो पाएगा या नहीं। एनआरडीए द्वारा एसडीएम अभनपुर को जारी किए गए पत्र के अनुसार अभनपुर तहसील अंतर्गत मेलवाडीह, बेंदरी, केंद्री, चेरिया, बंजारी, उपरवारा, पचेड़ा एवं झांकी गांव में रहने वाले 115 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए वित्तीय वर्ष 2025 में आवेदन किया था। इन आवेदनों के आधार पर लोगों की पात्रता के साथ जमीन की जांच भी की गई थी, क्योंकि इस योजना का लाभ वे ही लोग ले सकते हैं, जिनके खुद के नाम या परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर जमीन हो। इस पात्रता को देखते हुए ही 115 लोगों को आवास योजना का लाभ देने आवास स्वीकृत किए गए थे। पहली किस्त जारी होने के बाद लोगों को उम्मीद थी, कि आज नहीं आगामी दिनों दूसरी किस्त के बाद तीसरी और चौथी किस्त भी जारी होगी।

एनआरडीए ने एसडीएम को पत्र लिखकर आवास निर्माण पर रोक लगाने दिए निर्देश

एनआरडीए ने इस संबंध में जिला प्रशासन और एसडीएम अभनपुर को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जिस जमीन पर 115 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत है वह जमीन शासन से एनआरडीए को हस्तांतरित है। इन जमीनों पर भविष्य में योजना एवं विकास कार्य होने हैं, इसलिए आवास बनाने संबंधी स्वीकृति नहीं दी जा सकती है।

जनपद पंचायतों को सूचना दे दी गई

अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने बताया कि, पत्र के अनुसार जनपद प पंचायतों को सूचना दे दी गई है, कि जिस 115 खसरा नंबर भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने की अनुमति दी गई है, वह शासकीय जमीन एनआरडीए को हस्तांतरित है। इसमें जनपद पंचायतों की गलती है। आवास स्वीकृति दिलाने से पहले जमीन का परीक्षण कराना था।

मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के प्रयासों को मजबूत करने का निर्णय

रायपुर। रेलवे सुरक्षा बल और राष्ट्रीय महिला आयोग के मध्य 30 जुलाई 2025 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। जिसमे रेल के माध्यम से मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने का निर्णय लिया गया इसी क्रम मे दिनांक 23-03-2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल मुख्यालय के उल्लास अधिकारी क्लब, डब्लुआरएस कॉलोनी रायपुर मे सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस सेमिनार मे मुख्य अतिथि माननीय सु डेलिना खोंगडुप पूर्व सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार थी, इसके अतिरिक्त उक्त सेमिनार मे - नौशीना आफरीन अली वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर, संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस आयुक्त रायपुर, मुनव्वर खुर्शीद महानिरीक्षक रेल सुरक्षा बल बिलासपुर, दयानंद मंडल रेल प्रबंधक रायपुर, दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर, विपिन ठाकुर स्टेट को-ऑर्डिनेटर (छत्तीसगढ़) बचपन बचाओ एनजीओ, रमन कुमार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के साथ रेलवे सुरक्षा बल से 137 अधिकारी स्टाफ, पुलिस बल के 31 अधिकारी स्टाफ, जीआरपी के 19 अधिकारी स्टाफ, 10 टिकट चेकिंग स्टाफ, 13 ड्राईवर-गार्ड एवं 12 पोर्टर-कुली सहित कुल 222 लोग इस सेमिनार मे सम्मिलित हुये।

जिंदल स्टील ने अंगुल में 6 एमटीपीए विस्तार पूरा किया, अब कुल क्षमता 12 एमटीपीए

रायपुर/नवप्रदेश। जिन्दल स्टील ने ओडिशा के अंगुल स्थित अपने स्टील प्लांट में 6 एमटीपीए का विस्तार पूरा कर लिया है। 3 एमटीपीए का तीसरा बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस शुरू होने के बाद प्लांट की कुल स्टील बनाने की क्षमता अब 12 एमटीपीए हो गई है। इससे यह भारत के सबसे बड़े एक ही जगह पर बने स्टील प्लांट्स में शामिल हो गया है।

इस विस्तार में बीओएफ-2 और बीओएफ-3 के साथ-साथ कई जरूरी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं, जैसे कोक ओवन, सीआरएम कॉम्प्लेक्स और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर, जिससे उत्पादन बढ़ाना आसान हो गया है। अब कंपनी ने तय समय में अंगुल प्लांट की क्षमता 6 एमटीपीए से बढ़ाकर 12 एमटीपीए कर दी है।

इस विस्तार के बाद कंपनी की कुल स्टील उत्पादन क्षमता 15.6 एमटीपीए हो गई है, जिसमें रायगढ़ प्लांट की 3.6 एमटीपीए क्षमता भी शामिल है। इस बढ़ी हुई क्षमता से उत्पादन और बेहतर होगा और प्लांट का इस्तेमाल भी ज्यादा अच्छे से हो सकेगा। इससे कंपनी की कमाई बढ़ने और खर्च कम करने में मदद मिलेगी।

साथ ही, कंपनी देश में स्टील उत्पादन को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में भी योगदान देगी।

छत्तीसगढ़ी साहित्य सृजन के लिए विजय मिश्रा को मिला सुशील यदु सम्मान

■ प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति सम्मेलन सम्पन्न

रायपुर (नवप्रदेश) छत्तीसगढ़ी साहित्य के संवर्धन हेतु वर्ष 1981 से सतत सक्रिय प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का सम्मेलन महासमुंद में सोल्लास सम्पन्न हुआ। इसमें प्रदेश भर से जुटे छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों में की उपस्थिति में विजय मिश्रा 'अमित' को सुशील यदु सम्मान से विभूषित किया गया।

सम्मेलन में डॉ निरुपमा शर्मा सम्मान सुमन शर्मा बाजपेई, हेमनाथ यदु सम्मान पोखन दास मानिकपुरी, शिव कुमार यदु सम्मान जगन्नाथ डड़सेना, साहित्य शिखर सम्मान डॉ प्रकाश पतंगीवार, चेतन भारती, पुनु राम साहू, मकसूदन साहू, तथा साहित्य प्रतिभा सम्मान डॉ मुक्ता कौशिक, मनोज सोनवानी, रश्मि रामेश्वर गुप्ता, के. एस आडिल को प्रदान किया गया इस अवसर पर प्रांतीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने भाषा संस्कृति को समाज की उन्नति का एक प्रमुख आधार बताया तथा छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प दोहराया।कार्यक्रम अध्यक्ष की आसंदी से छत्तीसगढ़ शासन बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग देने आश्वस्त किया। विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति संदीप दीवान ने कहा साहित्यकार ही समाज को सही दिशा देते हैं।

साहित्य समिति के अध्यक्ष कान्हा कौशिक, महासचिव डॉ राजेश कुमार मानस, बंधु राजेश्वर खरे, शैलेश तिवारी ने विशेष दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया।

20 मरीजों के लिए निःशुल्क लेसिक सर्जरी शिविर

■ 5 अप्रैल तक अनिवार्य पंजीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर के प्रमुख नेत्र संस्थान साई बाबा नेत्र चिकित्सालय द्वारा 12 अप्रैल को एक दिवसीय निःशुल्क लेसिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में केवल 20 चयनित मरीजों को मुफ्त लासकी सर्जरी का लाभ प्रदान किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, पहले चरण में 100 मरीजों को निःशुल्क चश्मा रहित करने का संकल्प लिया गया था। लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए अब दूसरे चरण में 12 अप्रैल को 20 मरीजों के लिए निःशुल्क लेसिक सर्जरी की तिथि निर्धारित की गई है। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आशीष महोबिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में सीमित स्थान होने के कारण पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक मरीजों को शिविर से पहले अपनी आंखों की जांच कराकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि लासकी सर्जरी के लिए मरीजों का चयन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विस्तृत जांच के आधार पर किया जाएगा, ताकि मरीजों को सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार मिल सके।

डॉ. महोबिया ने यह भी बताया कि संस्थान में 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुभवी टीम कार्यरत है, जो देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रशिक्षित है। यह टीम LVP Eye Hospital एवं शंकर नेत्रालय, चेन्नई जैसे अग्रणी नेत्र संस्थानों से अनुभव प्राप्त कर चुकी है और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान कर रही है।

राज्यपाल से नेता प्रतिपक्ष ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सौजन्य भेंट की।

शिक्षा: 14 मार्च 2026 को आयोजित हिन्दी की परीक्षा अमान्य, अब 10 अप्रैल को फिर होगा हिन्दी का पेपर

छत्तीसगढ़ बोर्ड ने 12वीं का हिंदी पेपर रद्द किया

■ 10 घंटे पहले टेलीग्राम पर आ गया था पेपर

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 12वीं की हिन्दी परीक्षा को रद्द कर दिया है। मंडल की ओर से जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च 2026 को आयोजित हिन्दी विषय की परीक्षा अब अमान्य मानी जाएगी। इसे दोबारा 10 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। यानी स्टूडेंट्स को एग्जाम फिर से देना होगा।

दरअसल, 15 और 16 मार्च को सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में हिन्दी विषय के सेट 'बी' का प्रश्नपत्र लीक होने के दावे सामने आए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए साइबर थाने में लिखित सूचना दी गई। सिटी कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई। इसके बाद मंडल की परीक्षा समिति की बैठक 23 मार्च 2026 को आयोजित की गई, जिसमें जांच के आधार पर परीक्षा निरस्त करने का निर्णय लिया गया। 14 मार्च को सुबह ठीक 9 बजे, छत्तीसगढ़ बोर्ड का हिंदी पेपर शुरु हुआ। इस पेपर के सेट क्र में पूरे 15 सवाल वही और उसी क्रम में पूछे गए जो इमेज में थे। यहां तक कि वैकल्पिक सवाल भी मेल खा गए। यानी बोर्ड का पेपर एग्जाम शुरू होने के लगभग 10 घंटे पहले ही लीक हो चुका था।

फिर से देनी होगी हिंदी की परीक्षा

मंडल ने बताया है कि हिन्दी विषय की परीक्षा अब 10 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। छात्रों को सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। 9:05 बजे उत्तर पुस्तिका मिलेगी, 9:10 बजे प्रश्नपत्र दिया जाएगा और 9:15 बजे से लिखना शुरू करना होगा। मंडल ने छात्रों से कहा है कि वे नई समय-सारणी ध्यान से देखें और उसी के अनुसार तैयारी करें। जरूरत पड़ने पर परीक्षा की तारीख और समय में बिना पहले बताए बदलाव भी किया जा सकता है। अगर परीक्षा के दौरान कोई छुट्टी घोषित होती है, तब भी परीक्षा तय समय पर ही होगी।

साइबर पुलिस करेगी पेपर लीक की जांच

लेकिन बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पेपर के दो दिन बाद, 16 मार्च को पूरे मामले की शिकायत बोर्ड के अधिकारियों ने सिविल और साइबर पुलिस थाने में की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए बढ़ी पंजीयन की तिथि

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन की अंतिम तिथि 23 मार्च 2026 से बढ़ाकर 27 मार्च 2026 तक कर दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

कुटरू नेशनल पार्क क्षेत्र के ग्रामीणों से विधायक मंडावी ने की भेंट-मुलाकात

बीजापुर/ नवप्रदेश। सोमवार को बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम मंडावी ने कुटरू नेशनल पार्क क्षेत्र का एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की और उनकी समस्याओं तथा मांगों को ध्यान से सुना।विधायक विक्रम मंडावी के विगत दिनों पार्क क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने विशेष रूप से पीने के पानी की समस्या को दूर करने की मांग की थी और गांवो में पानी टैंकर उपलब्ध कराने और देवगुड़ी निर्माण की मांग रखी थी, जिसे सोमवार को विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों से किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए ग्राम पंचायत सेंड्रा, एडापल्ली, बड़ेकाकलेड और सागमेटा को एक-एक पानी टैंकर ग्राम कूटरू में प्रदान किया और ग्राम पंचायत सांड्रा (सेंड्रा) और एड़पल्ली में विधायक निधि से पांच-पांच लाख रुपये की लागत से देवगुड़ी का निर्माण कराने की स्वीकृति भी दे दी है। ग्रामीणों ने अपनी मांगों के अनुरूप दिए गए सौगातों पर विधायक विक्रम मंडावी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम नाग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटरू के शैलेश मंडावी, सभी संबंधित पंचायतों के सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

उल्लास महापरीक्षा अभियान में जिले के 9535 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

कांकेर / नवप्रदेश। उल्लास महापरीक्षा अभियान के तहत रविवार 22 मार्च को महापरीक्षा जिले में आयोजित की गई जिसमें असाक्षरों को साक्षर बनाने 567 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां महिला नवसाक्षर 6418 और पुरुष नवसाक्षर 3117 कुल 9535 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी।कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में जन-जन को साक्षर बनाने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 2027 तक शत प्रतिशत 2027 तक साक्षर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा जिले के सातों विकासखंडों की प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा में अलग उदाहरण देखने को मिला जहां एक ही परिवार के कई सदस्यों ने एक साथ परीक्षा दी। उम्रदराज महिला एवं पुरुष शिक्षार्थियों ने भी साक्षर होने के लिए आगे बढ़कर परीक्षा दी। बताया गया कि जिले में कुल 9564 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 9535 नवसाक्षरों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए, इस प्रकार नवसाक्षरों की उपस्थिति 99 प्रतिशत रही।

सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अंतागढ़ / नवप्रदेश।शिवसेना इकाई अंतागढ़ ने रेलवे कम्पनी के ठेकेदारों द्वारा विगत डेढ़ वर्षो से अंतागढ़ बिजली चौक से रेलवे ब्रीज तक रोड़ निर्माण मे घटिया सामाग्री का इस्तेमाल को लेकर अंतागढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यलय पहुंच अनुविभागीय अधिकारी राहुल रजक रजक को ज्ञापन सौपा शिवसेना का कहना है कि करीब अंतागढ़ बिजली चौक से लेकर रेलवे अंडर ब्रिज तक सड़क का निर्माण विगत डेढ वर्षों पहले किया गया है जहाँ आज 1.5 डेढ़ फिट के गढ्?डे बने हुए है.इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ठेकेदारों द्वारा खुला भष्ट्राचार किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी, अंतागढ़ से निवेदन है कि उक्त जिम्मेदारों पर कार्यवाही किया जाना चाहिए, जनता को बी.एस.पी. एवं चारगांव माईस की ट्रकों की धुल एवं गड्ढों से मुक्त किया जाय। अन्यथा शिवसेना जनता के साथ जन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।ज्ञापन सौपने वालो मे रामनारायण उसेंडी,रमेश गोटा, कुलवंत कौमार्य शामिल थे।

अब पूरी तरह डिजिटल होगा चालान भुगतान: 1 अप्रैल से e- Kosh पोर्टल से ही जमा होंगे ओटीसी चालान

एमसीबी / नवप्रदेश।/ जिले में वित्तीय लेन-देन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। अब 1 अप्रैल 2026 से सभी प्रकार के भौतिक (मैनुअल) चालानों की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी और केवल e-Kosh पोर्टल के माध्यम से जनरेट किए गए e&challan के जरिए ही बैंक में चालान जमा किए जा सकेंगे। कलेक्टर कार्यालय (कोषालय शाखा) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, e- Kosh पोर्टल के e&challan मॉड्यूल के माध्यम से OTC चालान जनरेट कर उसे बैंक में जमा करना अनिवार्य होगा। शासन के इस फैसले का मुख्य उद्देश्य वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, डेटा एंट्री की त्रुटियों को कम करना और लेखांकन प्रणाली को अधिक सटीक एवं व्यवस्थित बनाना है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अब केवल ऑनलाइन जनरेट किए गए चालान को ही स्वीकार करें और उसी के माध्यम से राशि जमा कराना सुनिश्चित करें। इससे न केवल कार्यप्रणाली में तेजी आएगी बल्कि सरकारी वित्तीय प्रबंधन भी अधिक सुदृढ़ होगा।प्रशासन ने यह भी बताया है कि यदि किसी कर्मचारी या संबंधित व्यक्ति को ऑनलाइन ओटीसी चालान जनरेट करने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे जिला कोषालय में पदस्थ चालान कक्ष प्रभारी श्री पंकज कुमार तिवारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए यूजर मैनुअल भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे प्रक्रिया को आसानी से समझा जा सकता है।जिला प्रशासन ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, बैंक शाखा प्रबंधकों और संबंधित स्टांप वेंडरों को निर्देशित किया है कि वे नई व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इस डिजिटल पहल से न केवल कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। जिससे आम नागरिकों को भी बेहतर और पारदर्शी सेवाएं मिल सकेंगी।

दुगनपाल में जल अर्पण दिवस के साथ मनाया गया विश्व जल दिवस

■ **ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ**

जगदलपुर/ नवप्रदेश। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार 22 मार्च को विकासखंड तोकापाल के ग्राम दुगनपाल में जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोकापाल जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भंडारी उपस्थित रहीं, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रामबती भंडारी ने उपस्थित जनसमूह को जल के अपरिहार्य महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विस्तार से समझाया कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान ग्रामीणों को जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के फायदों के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही सार्वजनिक स्थानों और व्यक्तिगत घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने की तकनीक और उसके दूरगामी लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। पर्यावरण संतुलन और जल स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया, ताकि भविष्य में जल स्त्रोतों को संरक्षित रखा जा सके। जागरूकता के इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम में जल कर के नियमित भुगतान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इस अवसर पर जल वाहिनियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मौके पर ही जल की गुणवत्ता की जांच कर ग्रामीणों को दिखाई, जिससे शुद्ध पेयजल के प्रति विश्वास और समझ बढ़ी। कार्यक्रम के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भंडारी के कर-कमलों द्वारा ग्राम के सरपंच श्री प्रेम कुमार भंडारी को ग्रामीणों के सम्मुख उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुलिस ने 10 लाख रुपए के सोना-चांदी चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

दोस्त बनाकर नाबालिग से 10 लाख का आभूषण करवाया पार

■ **नाबालिक को अपने साथ घुमाने और खर्चा देने का दिया लालच**

कांकेर / नवप्रदेश। ईद के दिन एक ओर मुस्लिम समाज खुशियां मना रहा था तो दूसरी ओर महादेव वार्ड के रिज़्वी परिवार के घर के लॉकर से दस लाख के सोने के जेवर और एक लाख नगद की चोरी होने से घर में मातम पसर गया । हालांकि इस घटना में रिज़्वी परिवार के पीड़ित महिला का नाबालिग बेटा ही घर में सेंधमारी कर जेवर पार करने वाला निकला। मामला कोतवाली पुलिस के पास पहुंचा तो इतनी बड़ी चोरी देख पुलिस के भी होश उड़ गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू किया । पुलिस की जांच में चौंकाने वाले खुलासे से पुलिस सहित पीड़िता के होश उड़ गए। महादेव वार्ड में हुई लाखों की चोरी मामले को गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस प्रतिक दादासाहेब द्वारा विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगण मदनी मेमन, अजीम खान एवं फैजल खान द्वारा पीड़िता के नाबालिक पुत्र को अपने साथ घुमने-फिरने एवं खर्चा देने का लालच देकर अपने प्रभाव में लिया गया। आरोपियों ने नाबालिक को घर से सोना-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम लाने के लिए प्रेरित किया। नाबालिक द्वारा पिछले लगभग दो माह के दौरान अपने घर के लॉकर से बार-बार जेवरात एवं नगदी निकालकर आरोपियों को दिया जाता रहा। ईद त्यौहार के दौरान प्रार्थिया द्वारा लॉकर खोलकर देखने पर जेवरात एवं नगदी गायब पाए गए, जिसके बाद पूछताछ में नाबालिक द्वारा पूरी घटना की जानकारी दी गई।चोरी किए गए सामान में सोने के झुमके टाप्स, चैन-लॉकेट अंगूठियां, नाक की फुल्ली, मंगलसूत्र सहित चांदी के पायल बिछिया चाबी गुच्छा एवं लगभग एक लाख रुपये नगद शामिल थे। कुल अनुमानित कीमत लगभग 10,00,000 रुपये पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया जिसके आधार पर 23 मार्च 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।चोरी के सामान को खरीदने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्यवाही किया गया है।

वैज्ञानिकों ने किसानों को लघु धान्य फसलों को दी जानकारी

जगदलपुर। / नवप्रदेश। अखिल भारतीय समन्वित लघु धान्य फसल अनुसंधान परियोजना के तहत ग्राम टाकरागुड़ा में बीते दिनों अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान परिक्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने स्थानीय कृषकों को लघु धान्य फसलों की उन्नत कास्त और उनके उत्पादन की बारीकियों से अवगत कराया। परियोजना के समन्वयक डॉ. प्रहलाद नेताम ने वर्तमान में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों की जानकारी साझा की, जबकि मुख्य अतिथि शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम ने कृषकों को इन फसलों की महत्ता और आधुनिक उत्पादन तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुसंधान सह संचालक डॉ एके ठाकुर ने केन्द्र द्वारा विकसित लघु धान्य की विभिन्न किस्मों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन फसलों को भोजन में सम्मिलित करना स्वास्थ्य के लिए कितना लाभकारी है ।साथ ही उन्होंने इनके पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तकनीक सत्र में डॉ एनसी मंडावी ने फसलों में लगने वाले कीटों और उनके प्रभावी उपचारों के बारे में बताया, वहीं डॉ एनके नाग ने उन्नत उत्पादन तकनीक और डॉ तेजपाल चन्द्राकर ने मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सख्त स्वास्थ्य और निर्माण कार्यों पर कसी लगाम

नवप्रदेश सुकमा। जिले में विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की रफ्तार को लेकर कलेक्टर अमित कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए समय-सीमा बैठक में विभागीय कामकाज की गहन पड़ताल की। स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

बैठक के दौरान निमलगुड़ा में आयोजित पूर्व शिविर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आगामी 28 और 29 मार्च को प्रस्तावित मेगा स्वास्थ्य शिविर को लेकर व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को गांव स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाने और स्कूलों व आश्रम-छात्रावासों के बच्चों की अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराने को कहा।स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती, मोतियाबिंद ऑपरेशन की प्रगति और स्वास्थ्य केंद्रों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणन के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत और वय वंदन योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविर लगाने को कहा गया।

प्रतिबंध के बाद भी बेधड़ दौड़ रहे मालक वाहक

■ **जनता की जान से खिलवाड़: मनराज पटेल**

अंतागढ़/ नवप्रदेश।अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर माइंस की भारी वाहनों (हाईवा) पर प्रतिबंध होने के बावजूद रात के समय खुलेआम संचालन किया जाना प्रशासन की घोर लापरवाही और मिलीभगत को दर्शाता है। रावघाट से अंतागढ़ तक आधी रात को लोड हाईवा का आवागमन स्पष्ट रूप से अनुबंध का खुला उल्लंघन है। यह मार्ग ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों के उपयोग का मुख्य रास्ता है, जहां भारी वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से कलगांव क्षेत्र में लगातार लोड गाड़ियों के पलटने की घटनाएं यह साबित करती हैं कि– ओवरलोडिंग,तेज रफ्तार, खराब सड़क स्थिति, और नियमों की अनदेखी, इन दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं।

माइंस की गाड़ियों से उड़ने वाली धूल से आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यह सीधे-सीधे जनता के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

हमारी प्रमुख मांगें:

प्रतिबंधित समय में चलने वाले सभी हाईवा वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। अनुबंध का उल्लंघन करने वाली माइंस कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए। कलगांव और आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाएं।

शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन सर्वोपरि, संयुक्त संचालक सोम का कांकेर दौरा

■ **पीएम श्री विद्यालयों का गहन निरीक्षण शिक्षकों को दिए लक्ष्य आधारित निर्देश**

कांकेर / नवप्रदेश। संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण बस्तर संभाग एच.आर. सोम के कांकेर प्रवास के दौरान जिले की शिक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के पश्चात श्री सोम ने पीएम श्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निपुण भारत मिशन के तहत आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता (एफएलएन) को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने पीएम श्री विद्यालयों में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने तथा उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासित वातावरण ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव होता है।

इसके साथ ही सोम ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया और मूल्यांकन प्रक्रिया की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दौरे के दौरान जिला पंचायत सभाकक्ष में विकासखंड कांकेर, नरहरपुर एवं चारामा के खंड शिक्षा अधिकारियों, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं के सुचारू संचालन एफएलएन मूल्यांकन की प्रगति, आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना एवं लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं भवन पेयजल शौचालय एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु नवाचार अपनाने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विद्यार्थियों का सतत शैक्षणिक विकास सुनिश्चित किया जा सके ।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल, प्राचार्य रचना श्रीवास्तव सहित संबंधित विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, सभी प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

मौसम: तेज धूप में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें, लगातार पानी पीते रहें

गर्मी के मौसम में 'लू' से बचाव के लिए समसामयिकी सलाह

कांकेर / नवप्रदेश। प्रदेश सहित जिले में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो गया है, भीषण गर्मी एवं ताप की लहर 'लू' से बचाव हेतु जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा नागरिकों के लिए समसामयिक सलाह जारी की गई है, जिसमें गर्मी के पहले और गर्मी के दौरान सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

'लू' से बचाव के लिए उन्होंने समसामयिक सुझाव देते हुए कहा कि जहां तक संभव हो, तेज धूप में जाने से बचें, खास कर दोपहर 12 से 03 बजे के बीच घर से बाहर जाने से यथासंभव बचना चाहिए। प्यास न लगने पर भी लगातार अंतराल में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं, यात्रा के दौरान हमेशा पीने का पानी साथ में रखें। इसी तरह हल्के रंग के ढीले, सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। लोगों को सुरक्षात्मक चश्मे, छाता, टोपी का प्रयोग करने, धूप में निकलते समय सिर ढंकने के लिए तौलिया या गमछा सहित जूते-चप्पल पहनने का सुझाव दिया गया है। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो चिलचिलाती धूप में अधिक ऊर्जा एवं शक्ति लगने वाली गतिविधियों से बचें। यदि बाहर काम करना है तो अपने सिर को ढंकने के लिए गीले कपड़े या छाते का इस्तेमाल करें। हल्का भोजन और पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे खरबूजे, ककड़ी और खट्टे फल खाएं। मांस और नट्स जैसे उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से जरूर बचें, बासी भोजन से परहेज करें। घर में बने भोजन और पारंपरिक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थो जैसे नींबू पानी, छाछ और जूस आदि का उपयोग करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों और पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।

समसामयिक सुझाव देते हुए कहा गया है कि अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड आदि का प्रयोग करें। रात को खिड़कियां खोलें व कमरों में पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमानों को सुनें और आगामी तापमान परिवर्तनों से अवगत रहें। बीमारी और चक्कर आने या अचेतना की अवस्था के मामले में डॉक्टर से परामर्श लें या तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

हीट स्ट्रोक में क्या करें

व्यक्ति को घर के अंदर या किसी ठंडी, छायादार जगह पर लिटा दें, उसे पैरों को थोड़ा उपर उठाकर लिटा दें। गीले कपड़े से शरीर को पोछ लें या त्वचा पर ठंडे पानी का छिड़काव करें। शरीर को फिर से हाइड्रेट करने के लिए व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानी, नमक, चीनी का घोल या जूस पिलाएं। अगर कोई व्यक्ति पूरी तरह से होश मे नहीं है तो उसे कुछ भी खाने या पीने के लिए न दें।एक घंटे मे लक्षणों मेसुधार न होने पर व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं।

हीट वेव के पहले क्या करें

अस्थाई विंडो रिफ्लेक्टर जैसे एल्यूमिनियम फॉयल से ढंके कार्डबोर्ड आदि लगाएं।

प्रशासन की पहल से मिली त्वरित मदद

बलरामपुर/ नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजपुर के ग्राम कुन्दीकला निवासी 85 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग श्री सोमार सिंह टेकाम के जीवन में अब एक नई उम्मीद की किरण जगी है। जो कभी रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहते थे, आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

श्री सोमार सिंह अपनी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन सुनी आम लोगों की समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने कलेक्टर से मिलकर निजी एवं सामुदायिक शिकायत संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याएं सुनी।

जनदर्शन में ग्राम कछार के सुरेश कुमार बंजारे ने आवेदन देकर बताया कि गांव के ही राधेश्याम द्वारा घर के सामने गली में दीवार खड़ी कर रास्ता संकीर्ण कर दिया गया है, जिससे आवागमन के लिए काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने एसडीओ को प्रकरण भेजते हुए परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बिलासपुर की उत्तरा यादव के द्वारा विधवा पेंशन का लाभ दिलाने की मांग कलेक्टर के समक्ष रखी गई। इस संबंध में संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम जरोंधा निवासी परमानंद कौशिक ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया कि उनकी निजी भूमि पर गांव के ही गोपाल मेहर द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई है और रास्ते में

कीचड़युक्त पानी बहाकर आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहा है। इससे खेती-किसानी के कार्यों में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है और न्यायालय से कब्जा हटाने का आदेश भी मिला था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से पुनः हस्तक्षेप कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। देवरीखुर्द निवासी पुरुषोत्तम दास ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड जारी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं और उनकी पत्नी के नाम पर पट्टा भी है, लेकिन अब तक उन्हें स्वामित्व कार्ड नहीं मिला है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्ड जारी करने की अपील की है ताकि उन्हें अपने अधिकारों का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने एसडीओ मस्तुरी को मामले पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम चिचिरदा निवासी धनीराम कौशि ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने अपनी भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन किया था। तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षक को सीमांकन करने का आदेश भी जारी किया गया।

न्यूज गैलरी

संयुक्त जिला कार्यालय भवन की साफ-सफाई के लिए पंजीकृत संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन बलरामपुर में संचालित समस्त कार्यालय तथा परिसर में प्रतिमाह की दर से साफ-सफाई का कार्य महिला स्व-सहायता समूह से कराया जाना है। इच्छुक पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह जो एनयूएलएम (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) एवं एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) में पंजीकृत हैं, उनसे आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र 27 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय अधीक्षक कक्ष से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। पंजीकृत संस्था अपना सील बंद आवेदन 27 मार्च 2026 दोपहर 2 बजे तक अधीक्षक, संयुक्त जिला कार्यालय बलरामपुर के कक्ष में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ अमानत के रूप में 5 हजार का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा। 27 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजे प्राप्त आवेदन समिति द्वारा खोली जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

भारतीय थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के तत्वाधान में भारतीय थल सेना में भर्ती हेतु अधिसूचना 13 फरवरी 2026 को जारी की गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in? पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 14 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जो 01 अप्रैल 2026 तक किया जा सकता है। अभ्यर्थी अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर), ट्रेडमैन (दसवीं एवं आठवीं उत्तीर्ण), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, वेट एवं सिपाही फार्मा पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) का आयोजन 01 जून से 10 जून 2026 के बीच संभावित है। भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्निवीर 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दलालों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप) के दूरभाष नंबर 0771-2665212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तरीय समिति का गठन

बलरामपुर/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नया रायपुर के निर्देशानुसार जिलों में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग के समुचित कार्यवाही करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत सीईओ सदस्य होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को समन्वय स्थापित करते हुए अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि: स्व. संत श्री सीताराम भगत को किया गया नमन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पकड़िया के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद

एवं संत स्व. श्री सीताराम भगत की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका जन्म 12 फरवरी 1906 को ग्राम पकड़िया में हुआ था। वे बचपन से ही सदाचार, सेवा भावना और अतिथि सत्कार के लिए जाने जाते थे। मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने चांप प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के रूप में अपनी सेवा शुरू की। सन् 1921-22 के दौरान उन्होंने आदर्श शिक्षा का प्रसार किया और बाद में अपने गांव पकड़िया में एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने छात्रों के आध्यात्मिक विकास के लिए मंदिर, तालाब और वाटिका का भी निर्माण कराया। वे केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के संत भी थे। खेलकूद, घुड़सवारी और गोपालन में उनकी विशेष रुचि थी, जिसे वे विद्यार्थियों में भी विकसित करते थे। सन् 1962 में अवकाश के बाद भी उन्होंने पांच वर्षों तक सेवा दी और अयोध्या जाकर वैष्णव सम्प्रदाय अपनाया। उन्होंने विद्यालय के लिए कई बार भूमि दान कर अपनी उदारता का परिचय दिया। 27 मार्च 1972 को उन्होंने देह त्याग किया। उनका जीवन आज भी समाज को प्रेरणा देता है।

महाराष्ट्र मंडल रायपुर के नाटक 'मैं अनिकेत हूं' के प्रभावी मंचन के दीवाने हुए रंगमंच प्रेमी

कोरबा में दशकों बाद हुआ अनिकेत जैसा नाटक

कोरबा (नवप्रदेश) 'जिस तरह कपड़े बदले जाते हैं, उसी तरह मैंने अपना शरीर बदला, मेरी आत्मा, मेरी बुद्धि, मेरा हृदय चीख-चीखकर कह रहे हैं यूअर आनर, मैं अनिकेत हूं, मैं अनिकेत हूं और मैं ही अनिकेत हूं.....' डबडबाई आंखों से रोते... बिलखते, चीखते अनिकेत का यह कृंदन सुनकर राजीव गांधी ऑडिटोरियम में चंद सेंकड सन्नाटा छाया रहा। उसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सैंकड़ों रंगप्रेमी दर्शकों ने खड़े होकर नाटक को जो प्रतिसाद दिया, वह कोरबा के इतिहास में दर्ज हो गया।

बात हो रही हैं रोटरी क्लब कोरबा और महाराष्ट्र मंडल कोरबा के संयुक्त आयोजन और महाराष्ट्र मंडल रायपुर की प्रस्तुति 'मैं अनिकेत हूं' के अभूतपूर्व व अविस्मरणीय मंचन की। नाटक की समाप्ति पर तालियां बजाते दर्शकों को बिठाने के लिए उद्घोषक को बार-बार आग्रह करना पड़ रहा था। साथ ही नाटक समाप्ति व पात्र परिचय के बाद बड़ी संख्या में रंगप्रेमी दर्शक मंच पर आ गए और काफी समय तक नाटक के एक- एक कलाकार से मिलते और उन्हें बधाई देकर सेल्फी लेते रहे।

'मैं अनिकेत हूं' के सफलतम पांचवें मंचन का भी पूरा श्रेय निर्देशक और अनिकेत के केंद्रीय पात्र को जीवंत करने वाले शशि वरवंडकर को जाता है। हमेशा की तरह वे अपनी अभिनय क्षमता से दर्शकों के मानस पटल पर मैं अनिकेत या शशिकांत जाधव का सवाल छोड़ जाते हैं। उनकी पत्नी मीनाक्षी शर्मा की भूमिका में वरिष्ठ कलाकार अनुराधा दुबे, जज के रोल में दिलीप लांबे, आक्रामक वकील भारद्वाज की दमदार किरदार में चेतन दंडवते शुरू से अंतिम दृश्य तक छाए रहे। गवाहों में प्रकाश खांडेकर, रंजन मोड़क, रविंद्र ठेंगड़ी, भारती पलसोदकर, समीर टुल्लू, श्याम सुंदर खंगन और डा. शुचिता देशमुख ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया। पहली बार रंगमंच पर उतरीं सुमीता रायजादा ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। विनोद राखुंडे और पंकज सराफ भी मंच पर छाए रहे। पर्दे के पीछे अजय पोतदार, प्रवीण क्षीरसागर, प्रकाश गुरव और भूपेंद्र साहू की भागीदारी सराहनीय रही।

इस मौके पर कोरबा नगर निगम के सभापति नूतन सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, रेडक्रास सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य रामसिंह अग्रवाल, सीएसपीडीसीएल के प्रमुख कंसल सहित अनेक वक्ताओं ने कहा कि कोरबा में आज तक उन्होंने ऐसा प्रभावशाली व यादगार नाटक नहीं देखा था। इस नाटक ने बरसों से सूने पड़े कोरबा के रंगमंच के लिए संभावनाएं जगाई हैं। उन्हें विश्वास है कि यहां के स्थानीय कलाकार इस नाटक से प्रेरित होकर रंगमंच की दुनिया में लौटेंगें और उसे रोशन करेंगे।

आयोजक रोटरी क्लब कोरबा के अध्यक्ष पारस जैन और महाराष्ट्र मंडल कोरबा के अध्यक्ष हेमंत माउलीकर ने कहा कि रोटरी क्लब के पूर्व गर्वनर और वरिष्ठ रंगसाधक शशि वरवंडकर के आग्रह पर, आपसी तालमेल और तकरीबन दो दर्जन स्थानीय प्रायोजकों के सहयोग से 'मैं अनिकेत हूं' का सफल मंचन हो पाया।

इस मंचन से हमें अपने स्तर पर स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने का मौका तो मिलेगा ही, साथ ही हमारा प्रयास होगा कि इसी तरह आपसी तालमेल के साथ हम अगले साल भी महाराष्ट्र मंडल रायपुर की इसी टीम को अन्य नाटक के मंचन के लिए आमंत्रित कर सकें।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

***दुर्घटनाजन्य वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, चेतन बोरघरिया सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने एवं सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर कटारा ने जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में त्वरित सुधार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां सड़क दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है, वहां जागरूकता बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा संकेतक अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि वाहन चालकों को समय रहते सचेत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य के दौरान साइन एज, रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बसे निर्धारित स्टॉपेज पर ही रोके। उन्होंने अन्य जगह पर बस रोकने पर आवश्यक कार्यवाही करने तथा निर्धारित रूट के अनुसार बसों का संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़कों पर अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सरगुजा ओलंपिक के समापन में शामिल हुए बाइचुंग भूटिया

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा ओलंपिक 2026के समापन अवसर पर भारतीय फुटबॉल जगत के दिग्गज और पूर्व कप्तान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित बाइचुंग भूटिया ने जोहार सरगुजा से अभिवादन कर खिलाड़ियों में जोश भरते हुए उन्हें कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प का मंत्र देते हुए युवाओं को खेल जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सिक्किम से सरगुजा तक के अपने सफर का जिक्र करते हुए भूटिया ने कहा कि भौगोलिक दूरियाँ प्रतिभा के आड़े नहीं आतीं। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, मैं सिक्किम के एक बहुत छोटे से गाँव से निकलकर भारत के लिए खेल सका। मेरा गाँव सरगुजा से भी छोटा है। इसलिए यह कभी न सोचें कि आप किसी कोने में हैं, तो प्रोफेशनल खिलाड़ी नहीं बन सकते। अपने मन से यह शंका निकाल दें और खुद पर विश्वास रखें।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, सरकारी सहयोग और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ व्यक्तिगत मेहनत सबसे महत्वपूर्ण है।

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना

बाइचुंग भूटिया ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेलों को दी जा रही प्राथमिकता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं और खेल को प्राथमिकता दे रही है। जिससे सुदूर क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा मंच मिला है। खेल विधाओं को अवसर मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की हुई गहन समीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास, राजस्व प्रकरण, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य, पेयजल की उपलब्धता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े राजस्व प्रकरणों, हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने एग्री स्टेक में जिले के सभी पात्र किसानों को शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम जनमन आवासों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत, पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लंबित आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों की भी जानकारी लेकर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बजटीय देयक जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कोषालय/उप कोषालय में देयक प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 तथा स्ह स्क्रक्र।।से संबंधित समस्त भुगतान के लिए कोषालय में देयक प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। उक्त प्रतिबंध भारत से प्राप्त राशि, राजभवन राज्यपाल, विधानसभा सचिवालय/निवास कार्यालय से संबंधित देयकों/उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों एवं विधायकों के स्वत्वों से संबंधित देयकों पर लागू नहीं होगा। जिले के वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने इस निर्देश के परिपालन में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत केवल बजटीय देयक 25 मार्च 2026 तक एवं स्ह स्क्रक्र।। से संबंधित देयक 26 मार्च 2026 कोषालय/उप कोषालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

साक्षरता परीक्षा: 22 हजार 380 शिक्षार्थी हुए शामिल

बलरामपुर/नवप्रदेश। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में 22 मार्च 2026 को जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं तथा मॉनिटरिंग व्यवस्था के तहत सतत निगरानी सुनिश्चित की गई।

जिले में कुल 591 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां पंजीकृत 27 हजार 972 शिक्षार्थियों में से 22 हजार 380 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में परीक्षा केन्द्र बनाएं गए थे। विकासखण्ड बलरामपुर में 86 परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिसमें 3 हजार 268 शिक्षार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार विकासखण्ड कुसमी में 98 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए जिसमें 4 हजार 11, विकासखंड राजपुर में 95 परीक्षा केंद्रों में 3 हजार 587, विकासखंड रामचन्द्रपुर में 134 परीक्षा केंद्रों में 3 हजार 480, विकासखंड शंकरगढ़ में 77 परीक्षा केन्द्रों में 3 हजार 631 तथा विकासखण्ड वाड्रफनगर में 101 परीक्षा केन्द्रों में 4 हजार 403 शिक्षार्थी शामिल हुए।

कार्यशाला: संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में 'आधुनिक समय में भारत बोध' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

'जो भाव से रत है वही भारत है'- कार्यशाला में वक्ताओं का जोर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर के शिक्षण विभाग में 'आधुनिक समय में भारत बोध' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भारत की प्राचीन एवं निरंतर विकसित हो रही वैज्ञानिक परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत को गंभीरता से समझने एवं आत्मसात करने का आवाहन किया। इस अवसर पर पूर्व आईजी एवं प्रज्ञा प्रवाह की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री सुशील द्विवेदी ने छात्रों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत से अवगत कराया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय संयोजक, प्रज्ञा प्रवाह श्री विनय दीक्षित ने अपने उद्बोधन में भारत की विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'जो भाव से रत है, वही भारत है।' उन्होंने भारत को भावों एवं संबंधों का देश बताते हुए कहा कि भारत सदैव सत्य का साधक रहा है। श्री दीक्षित ने धर्म की व्याख्या करते हुए राजा शिवि की कथा के माध्यम से कर्तव्य पालन को ही वास्तविक धर्म बताया। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' को भारत का मूल मंत्र बताते हुए कोविड-19 काल में भारत द्वारा विश्व को वैक्सीन उपलब्ध कराए जाने को इसका जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से भारत बोध को आत्मसात करने तथा उत्तम पुस्तकों के अध्ययन की आदत विकसित करने का आग्रह किया।

कार्यशाला के समापन अवसर पर कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों से सत्य एवं असत्य में अंतर समझने की प्रज्ञा विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय महापुरुषों का मूल्यांकन पश्चिमी दृष्टिकोण से नहीं किया जाना चाहिए।कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन डॉ. समन नारायण उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

नवरात्रि में देवी भक्ति का उत्साह, मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों नवरात्रि पर भक्ति की बयार बह रही हैं। देवी मंदिरों में लोग दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं।

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंदिरों में रात्रि के समय देवी भक्ति के रूप में जसगीत एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में सप्तमी एवं अष्टमी की तैयारियां की जा रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनार पारा स्थित महामाया मंदिर में 25 मार्च को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक कन्या भोज का आयोजन किया जायेगा। नवरात्र शुरू होते ही नगर के प्रमुख मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना की गयी है और प्रतिदिन देवी का श्रृंगार किया जा रहा है। दाऊपारा स्थित बड़की महामाया मंदिर में तेल के 184 कलश, घी के 46 कुल 230 कलश स्थापित किया गया हैं। वहीं सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में कुल 651 कलश स्थापित किये गये है, जिनमें से घी के 100 कलश एवं तेल के 551 कलश है।

आदर्श ग्राम हथनी कला स्थित अष्टभुजी मंदिर में लगभग तेल के 1009 और घी के 158 कलश है। जिन्हे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

जिले के आसपास अन्य धार्मिक स्थलों में रौनकता बढ़ गयी है। नगर के सबसे प्राचीनतम सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में भक्ति की बयार बह रही है, सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर में श्रीमदभागवत् गीता का पाठ खेढ़ा के पंडित रामकुमार द्वारा किया जा रहा है। तत्पश्चात् शाम में महिला मण्डल के द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया जाता है। रात्रि आरती के पश्चात् जसगीत का आयोजन देर रात तक चलता रहता है।

न्यूज गैलरी

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च

मुंगेली/नवप्रदेश। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक हेतु 29 मार्च तक और सैंक्शन आर्डर लॉक के लिए 30 मार्च तक अंतिम तिथि निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

12वीं बोर्ड की हिंदी परीक्षा निरस्त, अब 10 अप्रैल को होगा दोबारा पेपर

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कक्षा 12वीं के हिंदी विषय की परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में 14 मार्च को आयोजित हुई हिंदी की परीक्षा को आधिकारिक तौर पर निरस्त कर दिया गया है। बोर्ड ने अब इस परीक्षा के लिए नई तारीख की घोषणा भी कर दी है। क्यों लिया गया यह फैसला-बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 14 मार्च 2026 को कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई थी। इसके तुरंत बाद 15 और 16 मार्च को सोशल मीडिया और विभिन्न समाचार पत्रों में हिंदी के सेट-बी का प्रश्नपत्र लीक होने का दावा किया गया था। इन दावों की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने त्वरित कार्रवाई की मामले की जांच के बाद, 23 मार्च को परीक्षा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। छात्रों के लिए निर्देश-बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी केंद्रों पर अब यह परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को दोबारा आयोजित की जाएगी। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे विस्तृत समय-सारणी और अन्य निर्देशों के लिए अपने संबंधित केंद्रों या बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के संपर्क में रहें।

एनएचएम संविदा भर्ती परीक्षा सम्पन्न, 75 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला आर.ओ.पी. वर्ष 2025-26 के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा दिनांक 23 मार्च 2026 को विभिन्न सेवा प्रदाता एवं कार्यक्रम प्रबंधकीय पदों हेतु लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में कुल 75 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें सायकोलॉजिस्ट क्लिनिकल/सायकोलॉजिस्ट (एनएमएचपी) के 18, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (एनएमएचपी) के 12, डेंटल सर्जन (एनओएचपी/एनयूएचएम) के 20, चिकित्सा अधिकारी-आयुष (पुरुष/महिला) के 24 तथा फिजियोथेरेपिस्ट के 01 अभ्यर्थी शामिल रहे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 27 मार्च तक ऑनलाइन पंजीयन का अवसर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया निर्धारित पोर्टल httpÑ//postmatric-scholarship.cg.nic.in/ के माध्यम से संचालित की जा रही है। यह छात्रवृत्ति सरगुजा जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए है। विभाग द्वारा जारी समय-सीमा के अनुसार विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन की अंतिम तिथि 27 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 29 मार्च 2026, सैंक्शन लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 तथा जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात पोर्टल बंद कर दिया जाएगा तथा ड्राफ्ट प्रपोजल एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी उपलब्ध नहीं होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय-सीमा के भीतर कार्यवाही पूर्ण नहीं होने पर यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है, तो इसके लिए संबंधित संस्था प्रमुख स्वयं उत्तरदायी होंगे।

रामगढ़ में मेले की तैयारी, पर्यटन मंत्री ने लिया जायजा

लखनपुर/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर रामगढ़ की पावन धरा पर विशाल मेले और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामगढ़ पहुंचकर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने मेले की तैयारियों का जायजा लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ पूरे मेले परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने पेयजल, साफ-सफाई, सड़क व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामगढ़ आते हैं, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि किसी को भी परेशानी न हो। रामगढ़ का चैत्र नवरात्रि मेला क्षेत्र की धार्मिक पहचान बन चुका है, जहां प्रभु श्रीराम के प्रति गहरी आस्था देखने को मिलती है। यहां आयोजित होने वाला विशाल भंडारा भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होता है।

सतत कृषि तकनीकों पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। भूमि सुपोषण एवं संरक्षण महोत्सव के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं सतत कृषि हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ई. गाँ. कृ. वि. में 23 मार्च को दोपहर 12.30 बजे भूमि सुपोषण एवं संरक्षण महोत्सव के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं सतत कृषि हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य मृदा संरक्षण, जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, पोषण प्रबंधन तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था, ताकि कृषि उत्पादन को दीर्घकालीन रूप से टिकाऊ एवं लाभकारी बनाया जा सके। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार चंदनिहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि ÷भूमि सुपोषण एवं संरक्षण महोत्सव÷ का मुख्य उद्देश्य समाज, कृषक समुदाय, विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों को मृदा स्वास्थ्य, पोषण प्रबंधन, जल संरक्षण तथा सतत कृषि की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना है। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान हेतु डॉ. जितेन्द्र सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ मृदा ही समृद्ध कृषि और सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक एवं अजैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद तथा संरक्षण कृषि की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा यह भी बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड, समेकित पोषण प्रबंधन, समेकित जल प्रबंधन, मल्चिंग, कंटूर बंडिंग, रनऑफ नियंत्रण, फसल अवशेष प्रबंधन, तथा जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसी तकनीकें न केवल मृदा की उत्पादकता को बढ़ाती हैं, बल्कि जल उपयोग दक्षता में वृद्धि कर कृषि लागत को भी कम करती हैं। इन तकनीकों के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों ने इस विषय पर विशेष रुचि दिखाई तथा वैज्ञानिकों से विभिन्न तकनीकी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण ने मृदा एवं जल संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त करते हुए सतत कृषि को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक दृष्टि से प्रतिभागियों को समृद्ध किया, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।

पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला आयुष विभाग के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर पांच दिवसीय विशेष आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 27 मार्च तक मां महामाया मंदिर प्रांगण महामाया वार्ड नगर पालिका स्कूल के पीछे में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 210 से अधिक मरीजों का उपचार कर निशुल्क औषधि का वितरण किया गया एवं ऋतु अनुसार काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. यामिनी शर्मा के निर्देशन व शिविर प्रभारी डॉ. पूर्णेश साहू के मार्गदर्शन में मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से इस शिविर में जनसामान्य का उपचार कर आयुष पद्धति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।210 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ-शिविर के प्रथम दिन जनसामान्य का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले ही दिन 210 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर की खास बात यह रही कि मरीजों को न केवल परामर्श मिला, बल्कि निशुल्क औषधियों और ऋतु अनुकूल काढ़ा का भी वितरण किया गया। जिला आयुष विभाग ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर अपनी सेहत के प्रति जागरुक बनें और आयुष पद्धति का लाभ उठाएं।

साक्षरता अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कुल 13 हजार 623 असाक्षरों का पंजीयन किया गया था, जिनमें से 07 हजार 948 शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 05 हजार 902 महिलाएं और 02 हजार 46 पुरुष शामिल हैं। यह आंकड़ा जिले में साक्षरता के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। यह परीक्षा जिले के 277 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। इस बार एक विशेष पहल के तहत जिला उप जेल करही देवरी में भी

15 विचाराधीन बंदियों को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ा गया, जिनमें से 13 बंदियों ने परीक्षा दी। परीक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अशोक सोनी तथा जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन रविन्द्र तिवारी सहित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों के साथ-साथ स्कूल भवन, शौचालय एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। प्राथमिक शाला फंदवानी एवं बाघामुड़ा में स्वच्छता व्यवस्था में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को भी साक्षरता अभियान से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने आसपास के 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक देने का प्रावधान है।

अब तक 43 हजार से अधिक कॉपियां जांची गई

मुंगेली/नवप्रदेश।-माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहली खेप में जिले को 10वीं एवं 12वीं की 69 हजार 305 कॉपियां जांचने मिली हैं। इनमें 10वीं के 49 हजार 49 और 12वीं के 20 हजार 256 कॉपी शामिल है। जिसे जांचने के लिए लगभग 183 शिक्षको को लगाया गया।

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शिक्षक मूल्यांकन का कार्य कर रहे है। 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा खत्म होने के बाद 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। 10 कमरों में

संचालित मूल्यांकन कार्य में 183 शिक्षक जुटे हुए है। आज तक 43 हजार 8 सौ 49 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। लगभग 25 हजार 501 कापी शेष है। प्रत्येक जांच करने वाले शिक्षक को दिन भर में अधिकतम 40 कॉपी जांचने की अनुमति है। विद्युत व्यवधान होने के चलते कई बार मूल्यांकन कार्य में परेशानी हो जाती है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष नोडल अधिकारी पीसी दिव्य ने बताया कि एक दिन में एक शिक्षक को 40 कॉपियां जांचनी है, यह तय किया गया है। निर्देश है कि जिन विषयों में स्टेप बाई स्टेप उत्तर लिखा जाना है, बच्चों को उत्तर लिखने के प्रत्येक स्टेप के आधार अंक देने हैं। पीसी दिव्य ने बताया कि प्रथम चरण में 10वीं, 12वीं के लगभग सभी विषयों के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूर्णता की ओर है। 4 अप्रैल से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि हर साल माध्यमिक शिक्षा मण्डल जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा के बीच से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करवा देता है।

दो मौतों का किया खुलासा, हुई पहचान

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर नहर में मिली अज्ञात लाश एवं नवापारा ट्रेक्टर ट्राली से टकरा कर बाइक सवार की मौत का खुलासा लखनपुर पुलिस ने कर दिया है दरअसल 22 मार्च रविवार को अलग-अलग घटनाओं में हुये दो लोगों की मौत का खुलासा स्पष्ट रूप से नहीं हो सका था। लखनपुर पुलिस ने दोनों मृतकों के मुतालिक तहकीकात करते हुए

मृतकों की पहचान कर लिया है। कुवरपुर नहर में जो अंजान व्यक्ति की लाश मिली थी वह नटवरलाल अग्रवाल वल्द स्व0 प्रहलाद अग्रवाल उम्र 46 वर्ष साकिन तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा का था। घटना के दूसरे मृतक की पहचान चरणदास वल्द लबदू दास उम्र 28 वर्ष साकिन कसईडीह महेशपुर थाना सीतापुर के शक्ल में हुई है पुलिस सूत्रों की मानें तो मृतक नटवरलाल अग्रवाल ठेकेदारी काम के सिलसिले में,15 रोज पहले अम्बिकापुर सरगुजा आया था जाहिर नहीं है किस ठेकेदार के साथ काम कर रहा था। मृतक के भाई कमल नारायण अग्रवाल आ0 प्रहलाद अग्रवाल निवासी तिलकेजा को सूचना मिली थी कि सरगुजा जिले के कुंवरपुर बांध के मुख्य नहर के पानी में डुबे हुए मृत हालत में देखा गया है ।

गंगापुर में अवैध मकानों पर चला बुलडोजर, सरकारी भूमि कुब्जामुक्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के गंगापुर क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 39 मकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई राजस्व अमले और पुलिस प्रशासन की संयुक्त मौजूदगी में की गई, जहां पूरे इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

जानकारी के अनुसार गंगापुर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विस्तार के लिए करीब 8 एकड़ शासकीय भूमि आवंटित की गई थी। इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्के और कच्चे मकान बना लिए गए थे। प्रशासन द्वारा पूर्व में सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद किसी ने भी स्वेच्छा से कब्जा नहीं हटाया। मामले में कुछ कब्जाधारियों ने न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया, लेकिन हाई कोर्ट से उन्हें किसी प्रकार की राहत नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार की सुबह से ही कार्रवाई शुरू कर दी। राजस्व विभाग की टीम, नगर निगम अमला और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एक-एक कर सभी अवैध मकानों को बुलडोजर से गिराया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित तरीके से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी की। हालांकि कुछ स्थानों पर लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही।

पेज 1 का शेष...

मानवता की मिसालः दवा के...

के एक हिस्से को ही गौ-शाला बना दिया है। नरेंद्र मेडिकल स्टोर के संचालक संदीप कोठारी और उनकी पत्नी शालिनी कोठारी वर्षों से घुमंतू गायों की निस्वार्थ सेवा में जुटे हैं। मेडिकल स्टोर में गायों के लिए हमेशा ताजी सब्जियां, फल और चारा तैयार रहता है... खासतौर पर गौमाता के लिए।

ईरान-इजराइल जंग जारी...

समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

पीएम की स्पीच की 5 बड़ी बातें...

1. राज्य सरकारों से अपीलः ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। हमें हर जरूरी कदम, हर जरूरी रिफॉर्म तेजी से करते रहने होंगे।

2. किसानों को मैसेजः सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले बुआई के सीजन में किसानों को खाद मिलती रहे। सरकार ने खाद की पर्याप्त सप्लाई के लिए जरूरी तैयारियां की है। किसानों को फिर आश्वस्त करूंगा कि सरकार हर चुनौती के समाधान के लिए उनके साथ खड़ी है। ये राज्यों का सदन है। आने वाले समय में संकट हमारे देश की बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें सफलता के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी है। राज्यों की सरकार से आग्रह करना चाहता हूं।

3. तेल, गैस और मंहगाई पर : कोरोना के समय में जैसे अलग-अलग सेक्टर से निपटने के लिए अफसरों के एम्पॉवर्ड ग्रुप बने थे, वैसे ही कल 7 एम्पॉवर्ड ग्रुप बनाए गए हैं। ये ग्रुप सप्लाई चेन, पेट्रोल-डीजल, फर्टिलाइजर, गैस, महंगाई , ऐसे विषयों पर त्वरित और दूरगामी रणनीति के तहत कार्रवाई करेगी।

4. होर्मुज स्ट्रेट संकट परः हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल-डीजल, गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामान की रूटीन सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में दुनिया के अनेक जहाज फंसे हैं। उनमें बहुत बड़ी संख्या में भारतीय क्रू फंसे हैं। कर्मशियल जहाजों पर हमला और होर्मुज जैसे जल मार्ग में रूकावट अस्वीकर है। भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी जहाजों के सतत् आवागमन के लिए प्रयास कर रहा है।

कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया और ...

हाईकोर्ट ने कांस्टेबल (जीडी) भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर अहम फैसला सुनाते हुए पूरी चयन प्रक्रिया और फाइनल सलेक्शन लिस्ट रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता साबित नहीं हुई है, इसलिए पूरी प्रक्रिया को निरस्त करना उचित नहीं है। हालांकि, जिन अभ्यर्थियों पर गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं, उनकी दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि, फिजिकल टेस्ट में भ्रष्टाचार और हेराफेरी हुई। कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ दिया गया और चयन प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। इस आधार पर उन्होंने पूरी भर्ती प्रक्रिया रद्द कर नई भर्ती और सीबीआई जांच की मांग की थी।

महिला अफसर सेना में स्थायी...

भले ही उन्हें पहले ही सेवा से हटा दिया गया हो। दरअसल, कोर्ट का यह फैसला सुचेता एडन समेत अन्य महिला अफसरों की याचिकाओं पर आया, जिनमें केंद्र की परमानेंट कमीशन से जुड़ी 2019 की पॉलिसी और आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल के फैसलों को चुनौती दी गई थी।

23 साल पहले कोर्ट पहुंचा था यह मामला

23 साल पहले 2003 में इस मामले में महिला वकील बबीता पुनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनके बाद 9 महिला अफसरों ने 2009 तक हाईकोर्ट में इसी मुद्दे पर अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं। 2010 में दिल्ली हाईकोर्ट ने इन याचिकाओं पर फैसला सुनाया और महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन देने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि यह साफ किया जाता है कि जो महिला अफसर रिटायरमेंट की उम्र तक नहीं पहुंचीं हैं, उन सभी को स्थाई कमीशन दिया जाए। साथ ही उन्हें प्रमोशन जैसे लाभ भी दिए जाएं। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

कोलंबिया में मिलिट्री प्लेन...

बॉर्डर के पास प्यूर्टो लेगुइजामो से टेकऑफ करते समय क्रैश हो गया। कई रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि 20 सैनिकों को बचाया गया है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

एवीएम विद्यार्थियों को पढ़ाई, करियर और जीवन के प्रति जागरूक व सशक्त बनाने प्रतिबद्ध

■ **मेगा एजुकेशन एक्सपो: प्रतिभा से आत्मविश्वास तक विद्यार्थियों के विकास की नई पहल**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर स्थित आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में आयोजित मेगा एजुकेशन एक्सपो में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कई एक्सपर्ट्स एवं संस्थाओं ने विद्यार्थियों की आयु, रुचि और आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई, करियर और जीवन के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट्स ने संवादात्मक शैली में चर्चा की–बच्चों ने स्वयं को समझा और विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहर सुरि शेट्टी एवम विशिष्ट अतिथि सैयद फैजल की उपस्थिति रही। साथ ही अटल श्रीवास्तव (विधायक, कोटा) की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अरविंद तिवारी (रजिस्ट्रार, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय), डॉ. संजय सिंघई (प्राचार्य, जी.ई.सी.), ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवास (जीएम, स्मार्ट सिटी बिलासपुर) तथा चंदा बंसल (डायरेक्टर, आनंद पब्लिक स्कूल) शामिल रहे। मनोविज्ञान एवं मेंटरिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशिष्ट अतिथि सैयद फाजिल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व विकास का माध्यम है।

कौशल विकास भी जरुरी: जनस्वामी

डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे मंच प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के इंचार्ज सीनियर सेकेंडरी के कोऑर्डिनेटर विवेक गुप्ता एवं प्राइमरी कोऑर्डिनेटर काजल शर्मा ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी अतिथियों, आगंतुकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों का समग्र विकास आवश्यक: डॉ. अजय

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस सफल आयोजन के लिए अभिभावकों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह मेगा एजुकेशन एक्सपो विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभरा, जहाँ उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की। यह आयोजन शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, अनुभवात्मक और सहभागितापूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध हुआ तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कि आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में कक्षा 5वीं से ही ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की सुनियोजित तैयारी कराई जाती है।

न्यूज गैलरी

12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा 1 अप्रैल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य व्यावसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रैड की परीक्षा (पुरानी प्रणाली एवं नई परीक्षा प्रणाली) माह अप्रैल की प्रायोगिक एवं सैध्दांतिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक संपन्न होनी है। उक्त परीक्षा हेतु छः माही व्यवसाय के नियमित पात्र प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य व्यवसाय के पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष हैं आवेदन कर सकते है। सभी पात्र प्रशिक्षणार्थी अपनी संस्था में स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मार्च तक है।

डीईओ ने अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 2 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 15 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते है। डीईओ ने आगे बताया कि मस्तुरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुवा में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत स्व. लक्ष्मीनारायण टंडन के परिवार से उनके पुत्र शरद टंडन एवं जनपद पंचायत कोटा में सहायक आन्तरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी के पद पर कार्यरत स्व. भागवत सिंह ध्रुव के पुत्र लोकेश कुमार ध्रुव ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदकों के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है।

दो बड़े खेल अधोसंरचनाओं के लिए 109.40 करोड़ मंजूर

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने दो बड़े खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए 109 करोड़ 39 लाख 75 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने आज मंत्रालय से इनकी प्रशासकीय मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने नवा रायपुर में खेल कॉम्प्लेक्स के लिए 94 करोड़ 68 लाख 98 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग द्वारा दुर्ग में बहु-उद्देश्यीय स्टेडियम के निर्माण के लिए 14 करोड़ 70 लाख 77 हजार रुपए की मंजूरी दी गई है।

अभिनेत्री व पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन ने श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा शशि दुहन को किया सम्मानित

महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ठ कार्य के लिए श्रद्धा महिला मंडल को मिला शक्ति सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही श्रद्धा महिला मंडल को प्रतिष्ठित आईबीसी24 'शक्ति सम्मान' 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सुप्रसिद्ध अभिनेत्री, पूर्व मिस यूनिवर्स एवं समाजसेविका सुष्मिता सेन के करकमलों से प्रदान किया गया, जिसे मंडल की अध्यक्षा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला शशि दुहन ने ग्रहण किया। साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) परिवार की महिलाओं द्वारा संचालित श्रद्धा महिला मंडल वर्ष 2006 से कोयलांचल क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों के साथ सक्रिय है। संस्था ने विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहलें की हैं। मंडल द्वारा संचालित कार्यक्रमों में कौशल विकास प्रमुख है, जिसके तहत महिलाओं को सिलाई, कंप्यूटर और अन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाया जा रहा है। इसके अलावा, आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, हाथ ठेले, राइस मिल और ई-रिक्शा जैसे संसाधनों का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि लाभार्थी स्थायी आय के स्रोत विकसित कर सकें।

जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एसईसीएल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

जल संरक्षण एवं औद्योगिक जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को वाटर डाइजेस्ट अवार्ड 2026 के अंतर्गत 'इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल वाटर मैनेजमेंट एंड स्ट्यूअर्डशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। 23 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री राज भूषण चौधरी के करकमलों से प्रदान किया गया। एसईसीएल की ओर से यह पुरस्कार कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन एवं निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री रमेश चंद्र महापात्र द्वारा ग्रहण किया गया। यह सम्मान एसईसीएल द्वारा संचालित खान जल के सदुपयोग के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। इस योजना के माध्यम से खदानों से निकलने वाले जल को आसपास के क्षेत्रों में जल संकट को कम करने के साथ-साथ स्थानीय किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

मल्हार महोत्सव 28 और 29 को

मल्हार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति के सबसे पुराने मंच 'मल्हार महोत्सव' पुनः 8 साल बाद बड़े बजट के साथ शुरू होगा जिसकी तैयारी जोर शोर से प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह आयोजन 28 व 29 मार्च को मेला चौक मल्हार में आयोजत होगी जिसके लिए मेला चौक के व्यापारियों को जल्द ही जगह खाली करने का अल्टीमेटम प्रशासन की तरफ से दिया गया है। वही लोक कलाकारों को प्रस्तुति देने आमन्त्रित भी कर लिया गया है जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होगी। लोककला, लोक संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को बलवती बनाने के लिए लोक गीत, लोक संगीत, लोक नृत्य को परिष्कृत तथा आमजन को छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से जोड़ने के लिए त्रिदिवसीय लोकोत्सव तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मल्हार महोत्सव 1986 में प्रारम्भ किया था। परन्तु कुछ अवरोध व राजनीतिक लोगो की उदासीनता के कारण यह परंपरा कुछ वर्षों से बंद थी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद नगर के साथ क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। दो वर्ष पहले बिलासपुर में रामसेतु लोकार्पण व दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुचे थे जहां उन्होंने तत्कालीन मल्हार महोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी की मांग व बिलासपुर सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के अनुशंसा पर मल्हार महोत्सव को पुनः प्रारम्भ करने की बड़ी घोषणा करते हुए 5 लाख की जगह 20 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की थी जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। परन्तु इन दो वर्षों में राजनीतिक उठापटक के चलते क्षेत्र का लोकप्रिय महोत्सव विवादों की भेंट चढ़ गया था। जिसके बाद फिर से इस वित्तीय वर्ष निकलने के पहले आयोजन होने की सुगबुगाहट हुई और एक हफ्ते पहले कलेक्टर के निर्देश पर स्थानीय जनप्रतिनिधियो व आयोजन समिति के साथ बैठक हुई, उक्त बैठक भी आपसी खींचतान के कारण सफल नही हो पाई जिसके बाद बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में महोत्सव कराने का निर्णय लिया गया।

विश्व टीबी दिवस पर मरीजों को पोषण किट और प्रोटीन पाउडर वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजकिशोर नगर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आकांक्षा झा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देते हुए मरीजों को पोषण किट और निःशुल्क जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार डॉ. आकांक्षा झा ने उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए टीबी के पूर्ण उपचार और सही पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके नेतृत्व में केंद्र में आए सभी संभावित मरीजों का निःशुल्क एक्स-रे किया गया। साथ ही, टीबी से जूझ रहे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया। डॉ. झा ने व्यक्तिगत रूप से मरीजों से चर्चा कर उन्हें नियमित दवा सेवन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रीतेश सोनी और शहरी कार्यक्रम प्रबंधक टारजन आदिले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. आकांक्षा झा और उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए डॉ. झा के निर्देशों के पालन और व्यवस्थाओं को सफल बनाने में योगदान दिया। डॉ. आकांक्षा झा ने संदेश देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य राजकिशोर नगर क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाना है। समय पर पहचान और उचित पोषण इस बीमारी को हराने के सबसे बड़े हथियार हैं।

जीवनदीप समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

स्वास्थ्य शिविर के साथ ही डॉ. आकांक्षा झा की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और भविष्य की स्वास्थ्य योजनाओं पर चर्चा हुई। डॉ. झा ने अस्पताल स्टाफ को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से 25 मार्च को सवेरे 10 बजे से देवकीनंदन सभागृह, बिलासपुर में एकदिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त सुनील जैन करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे तथा आईएचएस रायपुर के संचालक मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न स्पंज आयरन एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं सकारात्मक पहलुओं पर प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से श्रमिकों एवं प्रबंधन को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।

जन्मदिन पर सिम्स को मृत्यु के बाद देहदान करने की घोषणा, परिवार को किया गौरान्वित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपने संपूर्ण परिवार की सहमति से मृत्यु उपरांत संपूर्ण देहदान करने की घोषणा रामेश्वर जायसवाल द्वारा की गई। उल्लेखनीय की रामेश्वर जायसवाल जो की शिक्षा विभाग में बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक परियोजना अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं फिलहाल वर्तमान में जेवरा शासकीय विद्यालय में प्राचार्य के पद पर और ग्राम सोठीं (सीपत) में निवास करते हैं इन्होंने आज 23 मार्च को अपने जन्मदिन के अवसर पर मां मन्ना दाई के मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के दौरान अपनी मृत्यु उपरांत संपूर्ण देहदान की घोषणा की है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली - 110067
MBA प्रवेश सूचना

CAT 2025 परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों से, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप में MBA कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया में पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 है। अधिक जानकारी के लिए, http://www.jnu.ac.in/abvsme पर जाएं। किसी भी प्रश्न के लिए jnumba@jnu.ac.in पर ईमेल करें।

CBC 21284/12/0002/2526

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क./202603140400025/ अ-6/ 2025-26
(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेनू पंत पति स्व. नितेश पंत निवासी डी 463/1, टैगोर नगर, तह, रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 ए, प्लाट नं. 42/1, क्षेत्रफल 406 व.मी., प्लाट नं. 42/2, क्षेत्रफल 274 व.मी., कुल क्षेत्रफल 680 व.मी., पक्का मकान मय हाता, वार्षिक भू भाटक 217.50 रु. नितेश चन्द्र, सुरेश चन्द्र पिता प्रकाश चन्द्र पंत नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार नितेश चन्द्र की मृत्यु 12.01.2026 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक पट्टेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसों का नाम अभिलेख में दर्ज किये जाने मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, शपथ पत्र, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

बिजनी विकास, शांति और स्थायी विश्वास के मार्ग पर अग्रसर: केंद्रीय मंत्री तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजनी विधानसभा क्षेत्र की पावन धरती पर एनडीए के प्रति जनता का उत्साह और विश्वास ऐतिहासिक संदेश बनकर सामने आया। एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी अरुप कुमार डे के नामांकन अवसर पर उमड़ा विशाल जनसैलाब यह दर्शाता है कि बिजनी विकास, शांति और स्थायी विश्वास के मार्ग पर अग्रसर है।

कोकराझार लोकसभा के प्रभारी तोखन साहू, जिनके करिश्माई नेतृत्व और दूरदर्शिता ने पूरे क्षेत्र में ऊर्जा और विश्वास भर दिया, ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी अरुप कुमार डे के लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा, और अपने हाथों से अरुप कुमार डे को पारंपरिक गमछा पहनाकर सम्मानित किया, जिससे यह संदेश गया कि नेतृत्व और जनता एक साथ विकास और विश्वास के पथ पर खड़े हैं। तोखन साहू ने न केवल कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह बढ़ाया, बल्कि नामांकन दाखिल के समय भी उपस्थित रहकर संगठन और जनता को प्रेरित किया। कांग्रेस द्वारा अपने ही कार्यालय में किए गए बवाल को आड़े हाथ लिया और चुटकी ली, स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनता अव्यवस्था का समर्थन नहीं करती। इस अवसर पर हाग्रामा मोहिलरी, अभिराम महानायक, बिराज बरगामारी, सुभाष बसुमतारी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने रैली की गरिमा और प्रभावशाली बना दी। गठबंधन की सामूहिक ताकत और संगठन की मजबूती को प्रदर्शित करते हुए भारतीय जनता पार्टी असम, बीपीएफ, एजीपी और अन्य सहयोगी दलों के पदाधिकारी–रतन चंद्र राय, रोबी राम वगलारी, प्रदीप ब्रह्मा, शंकर ब्रह्म, अरुप नाथ, कविता बसुमतारी, केशव शर्मा, पार्थोराम एवं मुजीबुर रहमान–सभी ने एक मंच पर उपस्थिति दर्ज कर एनडीए की सशक्त एकता और प्रचंड शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदोष कुमार बायन, मेघना और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की व्यापक भागीदारी ने इसे जन-आंदोलन और उत्सव का रूप दे दिया।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

Online Tenders are invited for the following work up to 13.04.2026 at 17.30 Hours.
(As per S.O.R Enforced from dated 01.05.2025 and amended upto dated 08.08.2025).

S. No.	System No.	NIT No. and Dated	Name of work	Amt.
1	187514	16/SAC/25-26 23.03.2026	Developing and Securing the Mahadeoghat area, Operation and Maintenance of Environmental Garden and Laxman Jhula and Security related work to ensure safety in Block Dharsiwa, District Raipur	Rs. 189.03 Lakhs (Excluding G.S.T.)
2	187517	17/SAC/25-26 23.03.2026	Construction Work of Irrigation through Stopdam Cum Solar System at Village Mandlore in Block Abhanpur, District Raipur (Only Construction of Stopdam)	Rs. 180.69 Lakhs (Excluding G.S.T.)
3	187519	18/SAC/25-26 23.03.2026	Construction Work of Irrigation through Stopdam Cum Solar System on Gauriya Nalla at Village Datrenga, Block-Dharsiwa, District-Raipur (Only Construction of Stopdam)	Rs. 161.01 Lakhs (Excluding G.S.T.

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 30.03.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Prequalification Certificates issued by Water Resources Department whose validity is upto 30.09.2026 is applicable in this tender.

Executive Engineer
Water Management Division No.1, Raipur
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G-252607359/6


दीनदयाल उपाध्याय
भूमिहीन कृषि मजदूर
कल्याण योजना
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
4.95 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में
₹495.96 करोड़
आदान राशि वितरण कार्यक्रम
25 मार्च 2026
दोपहर 12:00 बजे
पं. चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान, बलौदाबाजार
जिला: बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
बजट 2026-27 में ₹600 करोड़ का प्रावधान
भूमिहीन कृषि मजदूरों को दी जा रही ₹10,000 प्रति वर्ष की आर्थिक सहायता
वर्ष 2025 में 5.62 लाख से अधिक हितग्राहियों के खातों में ₹562.11 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित
22,028 बैगा-गुनिया परिवारों को भी मिल रहा लाभ
साय सरकार में मेहनतकश हाथों को मिल रहा संबल, सुरक्षा और सम्मान
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
S - 47285

एलपीजी से लदे 2 और जहाजों ने पार किया होर्मुज स्ट्रेट

नई दिल्ली/ए.। 92,612.59 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहे दो भारतीय एलपीजी वाहक जहाज, जग वसंत और पाइन गैस, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं। इन जहाजों पर क्रमश: 33 और 27 भारतीय नाविक सवार हैं। ये जहाज भारत के लिए रवाना हुए हैं और इनके 26 से 28 मार्च 2026 के बीच बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है। ईरान ने खाड़ी देशों की अमेरिकी कंपनियों पर निर्भरता के विपरीत अपनी ऊर्जा क्षमता का उदाहरण दिया। ईरानी मंत्री ने दावा किया कि कई खाड़ी देश अमेरिकी निर्मित बुनियादी ढांचे पर निर्भर हैं, जिसकी मरम्मत के लिए क्षतिग्रस्त होने पर अमेरिकी कंपनियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने इसे एक फ़व्यापार चक्रफ़ बताया और संघर्ष में महत्वपूर्ण ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बीच ईरान की आत्मनिर्भरता को एक रणनीतिक लाभ के रूप में प्रस्तुत किया। अलीबादी ने कहा कि ईरान लगभग सभी प्रमुख बिजली संयंत्र उपकरणों का निर्माण घरेलू स्तर पर करता है, जिसमें महत्वपूर्ण टरबाइन घटक भी शामिल हैं, जिससे विदेशी समर्थन पर निर्भरता कम हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यदि संयंत्रों पर हमला भी होता है, तो स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके बहाली का कार्य शीघ्रता से किया जा सकता है, जो निरंतर सैन्य दबाव के बीच लचीलेपन का संकेत देता है।

न्यूज गैलरी

भारतीय रेलवे ने बदले टिकट कैंसिलेशन के नियम

नई दिल्ली/ए.। भारतीय रेलवे ने कन्फर्म टिकट कैंसिल करने के नियमों में बदलाव किया है ताकि दलालों द्वारा टिकटों की कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। नए नियमों के तहत यात्रियों को कुछ मामलों में ज्यादा सुविधा भी दी गई है, खासकर आखिरी समय में बोर्डिंग स्टेशन बदलने को लेकर। संशोधित नियमों के अनुसार, टिकट कैंसिल करने पर मिलने वाला रिफंड अब ट्रेन के चलने से पहले बचे समय के आधार पर तय होगा। साथ ही, यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन बदलने की सुविधा भी दी गई है, जिससे उन्हें अधिक लचीलापन मिलेगा। ये नए नियम 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे।

आरसीबी का ऐलान- खाली रखी जाएंगी चिन्नास्वामी की 11 सीटें

बंगलूरू/ए.। आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एक ऐसा फैसला लिया है, जो सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि भावनाओं से भी जुड़ा हुआ है। पिछले साल बेंगलुरु के चिन्नास्वामी में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 फैंस की याद में टीम ने हर मैच में 11 सीटें हमेशा के लिए खाली रखने का निर्णय लिया है। ये सीटें कभी किसी के लिए नहीं भरेंगी और ये उन 11 जिंदगियों की खामोश याद बनकर स्टेडियम में मौजूद रहेंगी। मौजूदा आईपीएल चैंपियन आरसीबी की टीम 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी। आरसीबी ने सिर्फसीटें खाली रखने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा है। टीम ने इन फैंस को याद करने के लिए कई और कदम भी उठाए हैं। खिलाड़ी इस सीजन के सभी अभ्यास सत्रों में जर्सी नंबर 11 पहनेंगे। इसके अलावा स्टेडियम के अंदर एक मेमोरियल प्लाक भी लगाया जाएगा, जहां फैंस और खिलाड़ी श्रद्धांजलि दे सकेंगे। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने सुरक्षा और बदलावों को लेकर कहा, 'हम कर्नाटक सरकार और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद करते हैं। हमें हाईकोर्ट द्वारा तय एसओपी का पालन करना है और उसी के तहत सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।'

डीएमके का अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारा लगभग पूरा

नई दिल्ली/ए.। तमिलनाडु में डीएमके-वीसीके सीट समझौता अंतिम चरण में है। कांग्रेस को 28 सीटें मिलीं। वाम दलों को पांच-पांच सीटें, अन्य सहयोगियों को दो-चार सीटें दी गई, प्रचार अभियान शुरू हो चुका है। सत्तारूढ़ डीएमके आज अपने सहयोगी दल वीसीके के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकती है। परिवहन और बिजली मंत्री एस एस शिवशंकर ने यह जानकारी दी है। आपको बता दें यहां 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं। डीएमके के धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन ने सोमवार को माकपा के साथ पांच सीटों पर समझौता किया था। पार्टी ने पहले ही विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। मंत्री शिवशंकर ने 23 मार्च की देर रात पत्रकारों को बताया कि उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन पहले से ही प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा डीएमके ने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। डीएमके ने अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा लगभग पूरा कर लिया है। कांग्रेस को सबसे अधिक 28 सीटें मिली हैं। एमडीएमके को चार सीटें दी गई हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, मानिथनेया मक्कल काची और कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची को दो-दो सीटें मिली हैं। कई दौर की बातचीत के बाद वामपंथी दलों भाकपा और माकपा को पांच-पांच सीटें आवंटित की गई हैं।

स्वदेशी जहाज तैयार करने पर खर्च होंगे 70,000 करोड़ रुपए : मोदी

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और इसके कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच, भारत ने अपनी आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम उठाया है। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि आयात के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की विशाल स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना शुरू की है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत वैश्विक अस्थिरता के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर राज्यसभा में बोलते हुए कहा, ÷एलपीजी के घरेलू उत्पादन को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बीते वर्षों में सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि हर क्षेत्र में दूसरे देशों में निर्भरता कम से कम हो। हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों, यही एकमात्र विकल्प है। जैसे भारत का 90 प्रतिशत से अधिक कारोबार विदेशी जहाजों पर होता है, यह स्थिति किसी भी वैश्विक संकट में भारत की स्थिति को और भी गंभीर बना देती है। इसलिए सरकार ने मेड इन इंडिया जहाज बनाने के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपये का अभियान शुरू किया है। भारत आज जहाज निर्माण पर तेज गति से काम कर रहा है।÷

विदेशी जहाजों पर 90 प्रतिशत निर्भरता और रणनीतिक जोखिम

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक आयात पर टिकी हैं। प्रधानमंत्री ने उच्च सदन को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जब भी कोई वैश्विक चुनौती या संकट आता है, तो भारत को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा विदेशी जहाजों से ही आता है। लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन के इसी जोखिम से निपटने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी उपलब्ध स्रोतों से गैस और कच्चे तेल की खरीद करने की कोशिश कर रही है, और आने वाले दिनों में भी प्रयास जारी रहेंगे क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक स्तर पर एक गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है।

राज्यसभा में एक बयान में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय है और भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य युद्ध को कम करना और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना है, और देश का प्रयास सभी वर्गों को सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

गंभीर परिणाम सामने आने की आशंका

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया का संकट लंबे समय तक बना रहता है, तो गंभीर परिणाम सामने आने की आशंका है। भारत द्वारा ऊर्जा सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 53 लाख मीट्रिक टन रणनीतिक तेल भंडार सृजित किए गए हैं; 65 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त क्षमता पर काम जारी है।

राहुल ने सरकार की विदेश नीति पर उठाए सवाल

ट्रंप को पता होता है मोदी क्या करेंगे और क्या नहीं

नई दिल्ली/(वार्ता)। पश्चिम एशिया में बीते 25 दिनों से जारी संघर्ष के चलते अब भारत की राजनीति में सियासी गर्माहट बढ़ गई है। जहां एक तरफ सोमवार को लोकसभा के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में भी पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत सरकार का रुख साफ किया। वहीं दूसरी ओर संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर उनकी विदेश नीति को लेकर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की विदेश नीति अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी विदेश नीति बन गई है। इस बात का असर हम देख पा रहे हैं कि ये एक मजाक बनकर रह गया है। पूरी दुनिया इसे मजाक मानती है। राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नियंत्रण में होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं। ट्रंप को पूरा पता है कि पीएम मोदी क्या करने वाले हैं और क्या नहीं। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री की स्थिति कमजोर हुई, तो देश की विदेश नीति भी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर लिया, कल संसद में बेतुका भाषण दे दिया। इससे भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कोई ठोस रुख नहीं दिखाई दिया।

आम जनता को करना पड़ेगा मुश्किलों का सामना: राहुल

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इन कारणों के चलते आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि एलपीजी और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें। राहुल गांधी ने याद दिलाया कि पीएम मोदी ने हालात को कोविड जैसी स्थिति से जोड़कर बताया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोविड के दौरान कितनी जानें गईं और कितनी त्रासदियां हुईं।

लालू यादव को हाईकोर्ट से लगा झटका

n सीबीआई की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सीबीआई की एफआईआर और आरोपपत्र को रद्द करने की लालू प्रसाद यादव की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह नौकरी के बदले जमीन घोटाला पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर (मध्य प्रदेश) स्थित जोन में ग्रुप डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्तियां लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल (2004-2009) के दौरान हुई थीं। इन नियुक्तियों के बदले में, कथित तौर पर जमीन के पार्सल लालू प्रसाद के परिवार या सहयोगियों के नाम पर उपहार के तौर पर या हस्तांतरित किए गए थे।

राबड़ी देवी की याचिका पर हाईकोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब

इससे पहले हाईकोर्ट ने सोमवार को नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मनोज जैन की एकल पीठ ने राबड़ी देवी की याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को निर्धारित की है।

राबड़ी देवी ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को दी है चुनौती

राबड़ी देवी ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 1,600 से अधिक अप्रयुक्त दस्तावेज उपलब्ध कराने से इन्कार किया गया था। यह दस्तावेज जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा जब्त किए गए थे, लेकिन अभियोजन पक्ष ने इन्हें अपनी चार्जशीट में शामिल नहीं किया है। 18 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी और उनके पति पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिकाओं को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ट्रायल की इस प्रारंभिक अवस्था में सभी अप्रयुक्त दस्तावेज एक साथ उपलब्ध कराना घोड़े से पहले गाड़ी रखन जैसा होगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो सकती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को हर दस्तावेज स्वत: प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। अभियोजन पक्ष पहले अपने सबूत पेश करेगा, उसके बाद आवश्यकता पड़ने पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

दिल्ली सरकार ने पेश किया बजट

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ का बजट पेश किया है। बजट में विकास कार्यों के अलावा प्रदूषण और महिलाओं, युवाओं पर भी विशेष फोकस रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 9 की 1.30 लाख बेटियों को मुफ्त साइकिलें उपलब्ध कराने का एलान किया है। इस योजना के लिए 90 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बजट की कुछ अहम बातें-

महिला सुरक्षा को 50 करोड़ रुपये की निधि

दिल्ली सरकार ने अपने बजट में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की विशेष निधि आवंटित की गई है। सरकार शहर के अंधेरे स्थानों की पहचान करेगी। इन जगहों पर नई लाइटें और संवेदक लगाए जाएंगे। इन लाइटों को आधुनिक बनाया जाएगा।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के दायरे में ट्रांसजेंडर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, दिल्ली सरकार ट्रांसजेंडरों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के दायरे में लाने के लिए 202 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। नए 750 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 1,500 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि पूर्व आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा अधूरे छोड़े गए सात आईसीयू अस्पतालों को 150 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।

10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिलेगा लैपटॉप

सीएम रेखा गुप्ता ने बजट में छात्र-छात्राओं को लेकर भी बड़े एलान किए हैं। सीएम ने 10वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की घोषणा की है। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

स्वास्थ्य के लिए 12645 करोड़ का प्रावधान

दिल्ली सरकार के 2026-27 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,645 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

जलभराव के समाधान के लिए 610 करोड़

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार मानसून के दौरान जलभराव को रोकने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

नई दिल्ली। भारतीय रुपये में मंगलवार कमजोरी देखने को मिली और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर 93.88 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी, जिसका असर रुपये पर पड़ा। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.66 के स्तर पर खुला, लेकिन पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। कारोबार के अंत में यह 93.88 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट दर्शाता है। फॉरेक्स कारोबारियों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते अनिश्चितता बढ़ी है, जिसके कारण विदेशी निवेशकों की निकासी तेज हुई है। विदेशी फंड के बाहर जाने और महंगे कच्चे तेल ने मिलकर रुपये पर दबाव बनाया है। सोमवार को रुपया पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर को पार कर गया, लेकिन अंत में 93.53 पर स्थिर बंद हुआ। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि लगातार विदेशी निवेश निधि की निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है।

अमेजन डॉट इन ने पेश की एआई-संचालित फेस्टिव शॉपिंग

बेंगलुरु। अमेजन डॉट इन सोच-समझकर चुने गए प्रोडक्ट्स और लचीले डिलीवरी विकल्पों के साथ फेस्टिव शॉपिंग को आसान बना रहा है। चाहे ग्राहकों को दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में अमेजन नाऊ के जरिए कुछ ही मिनटों में आखिरी समय के पूजा सामान की जरूरत हो, या वे अमेजन फ्रेश के जरिए 2 घंटे के निर्धारित स्लॉट में डिलीवरी पसंद करें, या एवरीडे नीड्स के जरिए उसी या अगले दिन की सुविधा चाहें– अमेजन डॉट इन उनके दरवाजे तक फेस्टिव सेलिब्रेशन के लिए जरूरी हर चीज पहुंचाता है।पारंपरिक व्रत के सामान और प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स से लेकर क्लासिक मिठाइयों और ताजगी भरे पेय पदार्थों तक, ग्राहक टाटा संपन्न, फार्मली, गो देसी, स्टोरिया, नटराज जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के फेस्टिव फेवरेट्स एक्सप्लोर कर सकते हैं। व्यस्त फेस्टिव दिनों में जल्दी खाने के विकल्प तलाशने वालों के लिए, स्पेशली क्यूरेटेड रेडी टू ईट स्टोर में सुविधाजनक विकल्पों की विस्तृत रेंज पर 35त्न तक की छूट उपलब्ध है।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

नई दिल्ली/ए.। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयन समिति ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए संतुलित और मजबूत टीम चुनी है, जिसकी कमान हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना निभाएंगी। टीम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। वहीं गेंदबाजी विभाग में रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल जैसे नाम टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। इसके अलावा कुछ युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है, जिनमें काश्वी गौतम, क्रांति गौड़ और चारणी शामिल हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह टी20 सीरीज 17 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। सीरीज का दूसरा मैच 19, तीसरा 22 और चौथा 25 अप्रैल को खेला जाएगा। पहला और दूसरा मुकाबला डरबन में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और चौथा मैच जोहान्सबर्ग में आयोजित होगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

सिंगर-रैपर बादशाह ने गुपचुप तरीके से रचाई शादी

मुंबई। अपने गानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले सिंगर व रैपर बादशाह इस बार अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में हैं। जी हां, सही सुना आपने बादशाह ने गुपचुप तरीके से शादी रचा ली है। बादशाह ने पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी से शादी की है। यह बादशाह की दूसरी शादी है, जो तलाक के छह साल बाद हुई है। सोशल मीडिया पर बादशाह और ईशा रिखी की दूल्हा-दुल्हन के रूप में तस्वीरें वायरल हो रही हैं। हालांकि, अभी तक सिंगर की ओर से कंफर्म नहीं किया गया है। लेकिन पूनम रिखी नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की तस्वीरें और वीडियो साझा किए गए हैं। जिसके बाद ये खबर अब कंफर्म ही मानी जा रही है। इन तस्वीरों में बादशाह ओलिव ग्रीन कुर्ते और चूड़ीदार पजामे में नजर आए। जबकि ईशा लाल रंग के सूट में शादी के जोड़े में हैं। तस्वीरें देखकर पता चलता है कि दोनों ने बेहद सादगी से परिवार और खास दोस्तों की मौजूदगी में ही सात फेरे लिये हैं। बादशाह और ईशा रिखी ने एक-दूजे को वरमाला पहनाई। सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें एक तस्वीर में दोनों परिवार के साथ पोज देते दिख रहे हैं। जबकि दूसरी में कपल साथ खड़े मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों मंडप के सामने भी बैठे हैं। कुछ वीडियोज में बादशाह और ईशा एक दूसरे को मजाकिया अंदाज में गला दबाते हुए वरमाला पहनाते नजर आए। बैकग्राउंड में पंडित के मंत्र पढ़ने की आवाज आ रही है। एक और वीडियो में कपल मंडप पर अग्नि के आगे बैठा दिखाई दे रहा है।

न्यूज गैलरी

कोरबा में करोड़ों की ठगी, मलेशिया भाग रहा आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। करोड़ों की ठगी के आरोपी राजीव गुप्ता को मलेशिया भागने से पहले दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके खिलाफ पुलिस ने पहले लुकआउट नोटिस जारी किया था। एक चिट फंड कंपनी के डायरेक्टर का पार्टनर जिसने करोड़ों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया था, जिसकी पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। जानकारी के मुताबिक दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले स्थानीय लोगों ने वर्ष 2016 में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक चिट फंड कंपनी द्वारा लोगों को सब्जबाग दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी के घटना को अंजाम दिया गया था। इस बीच पुलिस ने प्रार्थी के लिए शिकायत पर लगभग 5 करोड़ 60 लख रुपए की ठगी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। प्रकरण में चिट फंड कंपनी के डायरेक्टर अतुल सिंह का पार्टनर ग्वालियर निवासी राजीव गुप्ता पिता लच्छी राम गुप्ता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। तब से लेकर राजीव गुप्ता लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ जिला पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया था।

बारिश में धान भीगने से नुकसान, कोडागांव में लाखों टन उठाव अटका

कोंडागांव। जिले में धान उठाव की हालत यह है कि करीब 18 लाख मीट्रिक टन धान अब तक संग्रहण केंद्रों से नहीं उठ पाया है और खुले आसमान के नीचे यह धान बारिश में भीग रहा है। कई केंद्रों में स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि धान में अंकुरण तक शुरू हो गया है, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होने और करोड़ों के नुकसान की आशंका गहरा गई है। जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में तिरपाल और सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण धान सीधे बारिश की मार झेल रहा है। प्रशासन की ओर से समय रहते उठाव की ठोस रणनीति नहीं बनाए जाने का खामियाजा अब सामने आ रहा है। मिलरों की सुस्ती और ठेकेदारों की निष्क्रियता ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है। उठाव के लिए जिम्मेदार एजेंसियां न तो समय पर परिवहन की व्यवस्था कर पा रही हैं और न ही केंद्रों की निगरानी प्रभावी ढंग से हो रही है। इस अव्यवस्था का सीधा असर किसानों के साथ-साथ शासन पर भी पड़ रहा है। खराब हो रहे धान की भरपाई करना शासन के लिए चुनौती बन सकता है, वहीं किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

जुए के फड में पुलिस की दबिश आंध्र-तेलंगाना के जुआरी पकड़ाए

सुकमा/कोंटा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के कोंटा में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लॉज में चल रहे अंतरराज्यीय जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 22 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें लॉज मालिक भी शामिल है। कार्रवाई के दौरान कैश, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किया गया है। दरअसल, कोंटा के आरएसएन लॉज में जुआ चल रहा था। मुखबिर की सूचना के बाद कोंटा थाना के जवान मौके पर पहुंचे तो आरएसएन लॉज के एक कमरे में पैसे का दांव लगाकर ताश से जुआ खेला जा रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड की कार्रवाई की। रेड के दौरान पुलिस ने 22 आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। मौके से 2,00,400 रुपए कैश, 18 मोबाइल, 122 गड्डी ताश, 108 खुले पत्ते, रजिस्टर, पेन समेत अन्य सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा एक कार (सेल्टास) और एक स्कूटी भी जब्त की गई। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 11.50 लाख रुपए बताई गई है।

कलेक्टर ने मोहला के निर्माणाधीन हाट बाजार का किया निरीक्षण

मोहला/नवप्रदेश। जिले के विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने आज मोहला स्थित निर्माणाधीन हाट बाजार का स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाट बाजार निर्माण कार्य को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि व्यवसायियों को शीघ्र ही बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड संभागीय कार्यालय दुर्ग से कार्यपालन अभियंता श्री परमेश्वर प्रसाद जायसवाल, उप अभियंता श्री परिवेश ठाकुर, सहायक अभियंता श्री अजय प्रताप सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने कलेक्टर को हाट बाजार के प्रस्तावित ले-आउट एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने ले-आउट का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक सुधार के सुझाव भी दिए, जिससे हाट बाजार परिसर को अधिक सुव्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जा सके। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि निर्माण कार्यों को कार्ययोजना के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

कृषि विभाग और रायपुर नगर निगम के बीच खींचतान

रायपुर। राजधानी रायपुर में आगामी जनगणना की तैयारियों के बीच विभागों के बीच समन्वय की कमी सामने आई है। नगर निगम के जोन कमिश्नरों ने कृषि विभाग से कर्मचारियों की मांग की, जिसके बाद इस मुद्दे पर विवाद की स्थिति बन गई है। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के कुछ जोन कमिश्नरों ने जनगणना के लिए कृषि संचालनालय के कर्मचारियों को प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करने का प्रस्ताव भेजा था। इसके लिए 19 मार्च को कृषि विभाग को पत्र भी लिखा गया था। हालांकि, कृषि संचालनालय ने इस मांग को साफ तौर पर अस्वीकार कर दिया है। विभाग का कहना है कि पहले ही कर्मचारियों की संख्या कम है और लगातार सेवानिवृत्ति के कारण स्टाफ की कमी बढ़ती जा रही है। ऐसे में जनगणना में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने से विभाग के नियमित और महत्वपूर्ण काम प्रभावित होंगे। कृषि विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि खरीफ सीजन की तैयारी, किसानों से जुड़े अभियानों और योजनाओं की समीक्षा जैसे जरूरी कार्य चल रहे हैं। ऐसे समय में कर्मचारियों को अन्य कामों में लगाने से व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

पुलिस की मौजूदगी में सरकारी जमीन पर बने 37 मकानों पर चलाया बुलडोजर

- अंबिकापुर में अवैध कब्जा हटाने प्रशासन का बड़ा अभियान
- सरकारी भूमि पर बने निजी मकानों को प्रशासन की टीम ने तोड़ा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर के गंगापुर क्षेत्र में मंगलवार को अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर बने 37 मकानो को तोड़ा जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन की टीम बड़ी संख्या में पुलिसबल और दो बुलडोजर लेकर पहुंचा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के बाद मकान बना कर रह रहे लोगों को कई बार प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा, लेकिन कब्जाधारियों को राहत नहीं मिली। पिछले सप्ताह प्रशासन ने कब्जाधारियों को अंतिम नोटिस देने के बाद आज खाली करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस बल और प्रशासनिक अफसर भी मौके पर मौजूद

बुलडोजर एक्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जा गया है, साथ ही एएसपी, एसडीएम तहसीलदार सहित कई थानों के प्रभारी भी मौके पर मौजूद हैं। अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज के पास बने हैं सरकारी जमीन पर मकान। प्रशासन की टीम को देखकर कई लोगों ने मकानों को किया खाली, घरो से सामान निकालकर रखा बाहर। वहीं कई घरों के लोग प्रशासन की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए खाली नहीं करने पर अड़ गए हैं।

अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहा युवा किसान अंकित

तालाब के ऊपर मुर्गी पालन कर खेती को बनाया अधिक लाभकारी

- बहुफसली लेकर उन्नत किसान बने अंकित लकड़ा

जशपुर/नवप्रदेश। खेत को आय का बहुआयामी और मजबूत माध्यम बनाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों, संबद्ध व्यवसायों और विविधीकरण को अपनाना अनिवार्य है। मुर्गी पालन और मछली पालन को एक साथ अपनाना, जिसे एकीकृत मछली-सह-मुर्गी पालन कहा जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय में भारी बढ़ोतरी और आत्मनिर्भरता का एक बेहतरीन जरिया है। यह प्रणाली कम लागत में दोहरा मुनाफा प्रदान करती है। छत्तीसगढ के जशपुर जिले के ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित लकड़ा अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहे हैं। पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उन्होंने अपने खेत को बहुआयामी आय का मजबूत माध्यम बना दिया है। आइए जानते हैं उनकी प्रेरणादायक कहानी।

खेती को और अधिक लाभकारी बनाया

ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित ने बताया कि पहले वे बरसात में सिर्फ धान की खेती करते थे। इसे पश्चात् उन्होंने मत्स्य विभाग से जानकारी प्राप्त कर अपने खेत में तालाब बनाए। अब वे गर्मी में भी खेती करने लगे और आम के पेड़ लागाए उसी तालाब के पानी से गर्मी में पेड़ों को पानी देते हैं। तालाब के पानी का उपयोग करके बागवानी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 तालाब के उपर शेड बनाकर मुर्गी पालन और मछली पालन करते हैं। मुर्गियों का अपशष्टि मछलियों के लिए आहार का कार्य करता है। शेड का कैपेसिटी 1000 से 1200 है। तालाब के मेड में आम का पेड़ लगाए हैं। आम का पेड़ या अन्य पेड़ मिट्टी को एकजुट रखता है मिट्टी को काटने नहीं देता। इसके साथ ही आम का पेड़, लीची का पेड़ अतिरिक्त आय का माध्यम बन जाता है।

युवा किसान ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना अंतर्गत पॉन्ड लाइनर प्राप्त हुआ है। मछली विभाग से 8 लाख रूपए की राशि अनुदान में मिला इसके साथ पॉलीथिन, बोर, मोटर और फीड प्राप्त हुआ है।

इस मॉडल को अपनाने वाले किसानों का कहना है कि यह न सिर्फ आमदनी बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। मछली पालन करने वाले नंदकिशोर पटेल बताते हैं कि पहले वे केवल तालाब में मछली पालन करते थे, लेकिन अब उन्होंने इस मॉडल से मुर्गी पालन भी शुरू किया है।

उनका कहना है कि ÷शुरुआत में थोड़ा इनवेस्टमेंट जरूर लगता है, लेकिन जब सिस्टम चलने लगता है, तो मेहनत का फल बहुत अच्छा मिलता है। एक बार इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाए, फिर हर महीने स्थिर इनकम होने लगती है।

अंकित लकड़ा की यह पहला बताती है की नई सोच और योजनाओं के सही उपयोग से खेती को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है ऐसे ही नवाचार और सफल किसानों से मिलने के लिए कृषि क्रांति एक्सप्रेस 2.0 में जरूर आए।

रेत खदान में रात के खेल पर लगा ब्रेक, प्रशासन ने लगाया जुर्माना

हाईकोर्ट ने दिया स्थगन आदेश अफसर बता रहा भंडारण वैध

खबर का असर

- जिला प्रशासन की कार्रवाई से खनिज माफियाओं में मचा हड़कंप

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (नवप्रदेश)। जिले के केल्हारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछियाटोला में रेत के अवैध खेल को लेकर नवप्रदेश में प्रकाशित समाचार पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर हुई जांच के बाद नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले पट्टाधारी पर 1,00,000 (एक लाख) रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है।

हाल ही में मीडिया द्वारा बिछियाटोला के खसरा नंबर 684 में स्वीकृत रेत खदान में हो रही अवैध लोडिंग और नियमों के उल्लंघन को प्रमुखता से उठाया गया था। खबर प्रकाशन के बाद हड़कंप मच गया। जिला प्रशासन ने केवई नदी क्षेत्र में दबिश दी और पाया कि शिकायतें पूरी तरह सच थीं। जिसके बाद कार्रवाई की गई है।

माफियाओं ने नियमों की उड़ाई थी धज्जियां

प्रशासनिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पट्टाधारी द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत नियम 2023 और पर्यावरणीय शर्तों का खुला उल्लंघन किया जा रहा था। रात के समय वाहनों से रेत का परिवहन करना अनुबंध की शर्तों के विरुद्ध था। प्रशासन ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए जुर्माना की कार्रवाई की है।

कार्रवाई से रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही के रूप में यह संदेश दिया है कि जिले में अवैध उत्खनन या नियम विरुद्ध गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं और भविष्य में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ इससे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हाईकोर्ट के स्थगन के बीच प्रशासनिक सख्ती

गौरतलब है कि बिछियाटोला रेत खदान का मामला पहले ही हाईकोर्ट के स्थगन आदेशों और जिला खनिज अधिकारी के बयानों के बीच चर्चा में था। ऐसे में प्रशासन द्वारा की गई यह दंडात्मक कार्रवाई यह संकेत देती है कि अब धरातल पर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारी सख्त रुख अपना रहे हैं।

रिटायर्ड फौजी ने मारी गोली, दो पक्षों में मामूली विवाद पर बखेड़ा

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। पामगढ़ थाना क्षेत्र के व्यास नगर में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गाली गलौज से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि एक रिटायर्ड फौजी ने युवक पर दिनदहाड़े गोली चला दी। गोली एक युवक की जांघ में लगी, जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले रिटायर्ड फौजी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम व्यास नगर में हिमांशु श्रीवास की किराना दुकान है। सोमवार 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे गांव का ही शैलेंद्र साहू अपने साथियों के साथ हिमांशु के किराना दुकान के पास गाली गलौज कर रहा था। हिमांशु ने उनको गाली गलौज करने से मना किया, तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

घायल युवक बिलासपुर रिफर: विवाद के दौरान रिटायर्ड फौजी गुलशन ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। पिस्टल की गोली पंकज कश्यप के जांघ पर लगी। पंकज को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ भेजा गया, जहाँ से उसे बिलासपुर रिफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दिनदहाड़े गोली चलने की सूचना मिलने पर एडिशनल एस पी उमेश कश्यप भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की।

रिटायर्ड हवलदार व भाई हिरासत में मामले में: पुलिस ने रिटायर्ड आर्मी सिग्नल कोर हवलदार गुलशन श्रीवास और उसके भाई हिमांशु श्रीवास को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

फूलोदेवी ने राज्यसभा में उठाया एम्स में स्टाफ की कमी का मामला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर स्थित एम्स में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी का मुद्दा अब संसद तक पहुंच गया है। राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम ने शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलना, इलाज न मिलने के बराबर है। यही स्थिति इस समय एम्स रायपुर में देखने को मिल रही है, जहां गंभीर मरीजों को भी समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा। सांसद ने बताया कि एम्स रायपुर में डॉक्टरों के कुल 305 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 190 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। यानी 115 पद अब भी खाली हैं। सबसे ज्यादा कमी कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी और सर्जरी जैसे अहम विभागों में है। वहीं, नर्सिंग, तकनीकी और प्रशासनिक स्टाफ के कुल 3,884 पद स्वीकृत हैं।

दंतेवाड़ा पुलिस ने साइबर ठग को झारखंड से किया गिरफ्तार

- 16 राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश
- टारगेट पूरा करने के नाम पर 7.91 लाख ठगे थे

जगदलपुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए झारखंड के कोडरमा से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ देश के कई राज्यों में साइबर शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन एनालिसिस और साइबर फॉरेंसिक टूल्स की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई। मामला बचेली थाना क्षेत्र का है। 15 मार्च 2025 से 18 जून 2025 के बीच शिकायतकर्ता और उसके साथियों से टास्क पूरा करने पर रकम डबल करने का लालच देकर 7 लाख 91,547 रुपए की ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जब जांच शुरू की गई तो पता चला कि आरोपी के खिलाफ देश के कुल 16 राज्यों में केस दर्ज है।

जांच के दौरान पुलिस टीम 10 मार्च 2026 को झारखंड और बिहार रवाना हुई। कोडरमा जिले के जयनगर निवासी मुकेश कुमार सिंह (51) को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और ओडिशा में कुल 16 साइबर शिकायतें दर्ज हैं।

मोबाइल, एटीएम कार्ड और नकदी जब्त: पुलिस ने आरोपी के पास से 1 मोबाइल, 2 एटीएम कार्ड, 3 पैन कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस और 10 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

साइबर फ्रॉड से बचने पुलिस की अपील: दंतेवाड़ा पुलिस लगातार लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

क्रिकेट मैच: इसी हफ्ते जारी होने वाला है दूसरा शेड्यूल, स्टेडियम में बढ़ाई जाएंगी वीआईपी सीटें

रायपुर में आईपीएल मैचों की तारीखों का ऐलान जल्द

- दो मैचों की तारीखों को लेकर बना सस्पेंस होगा खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इसी के साथ रायपुर में होने वाले दो मैचों की तारीखों को लेकर बना सस्पेंस भी इस हफ्ते खत्म हो जाएगा। आईपीएल के मैचों का दूसरा शेड्यूल इसी हफ्ते जारी होने वाला है, जिससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा कि रायपुर के मैदान पर आरसीबी के साथ कौन सी टीम खेलने वाली है।

स्टेडियम में बढ़ेंगी वीआईपी सीटें

गोल्ड और प्लैटिनम श्रेणी की सीटों में पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, जिससे मैच देखने का अनुभव और भी शानदार हो जाएगा। वी आईपी सीटों की संख्या बढ़ाने की तैयारी में है, जिसके तहत गोल्ड और प्रीमियम टिकट वाली सीटों की संख्या जल्द ही बढ़ाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक इन श्रेणियों में मैच का लुत्फउठा सकें।

सुरक्षा और दर्शकों की सुविधा

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के मुताबिक, अप्रैल के अंत में रायपुर को दो मैचों की मेजबानी मिलने की पूरी उम्मीद है। आईपीएल का दूसरा शेड्यूल जारी होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मैनजेमेंट टीम एक बार फिर रायपुर आएगी और स्टेडियम में चल रही तैयारियों का जायजा लेकर अपनी अंतिम रूपरेखा तैयार करेगी।

वर्तमान टाइम टेबल और संभावनाओं के मुताबिक आरसीबी के साथ मुकाबला करने के लिए राजस्थान रॉयल्स, हैदराबाद या चेन्नई की टीम रायपुर आ सकती है और पूरी उम्मीद है कि ये मैच 25 अप्रैल के बाद ही आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले बीसीसीआई ने 11 मार्च को फेज 1 का शेड्यूल जारी किया था, जिसमें 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच होने वाले केवल 20 मैचों को शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह तय किया है कि इस बार भी टूर्नामेंट में कुल 74 मैच ही खेले जाएंगे। शुरुआती शेड्यूल में कम मैचों की घोषणा का मुख्य कारण विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतजार था। अब जबकि चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है, तो उन राज्यों में जहां आईपीएल मैच होने हैं, वोटिंग के दिनों में कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसी वजह से चेन्नई में 23 अप्रैल, कोलकाता में 23 और 29 अप्रैल, और गुवाहाटी में 9 अप्रैल को कोई मैच नहीं होगा। इस सीजन का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com